दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 17 टोंक | बुधवार,21 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अजमेर सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को उम्रकैद

## 32 साल पहले 100 छात्राओं के साथ गैंगरेप किया था; 5-5 लाख का जुर्माना लगाया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर में 32 साल पहले हुए देश के सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल के 6 दोषियों को जिला अदालत ने 20 अगस्त, मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही उन पर 5-5 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

कोर्ट ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन को उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा सुनाते वक्त सभी 6 दोषी कोर्ट में थे। एक आरोपी इकबाल भाटी को एम्बुलेंस से दिल्ली से अजमेर लाया गया था। साल 1992 में 100 से ज्यादा कॉलेज गर्ल्स के साथ गैंगरेप और उनकी न्यूड फोटो सर्कुलेट होने पर तहलका मच गया था। कई छात्राओं ने बदनामी के डर से सुसाइड कर लिया था। तत्कालीन सरकार ने यह केस सीआईडी-सीबी को सौंपा था। मामले में 18 आरोपी थे। 4 सजा भुगत चुके हैं।

4 को हाईकोर्ट दोष मुक्त कर चुका है। एक ने 30 साल पहले केस के दौरान ही सुसाइड कर लिया था। दो आरोपियों पर लड़के से कुकर्म का केस चला, इसमें एक सजा भुगत चुका है और एक पर केस चल रहा है। एक आरोपी फरार है और 6 पर फैसला आज आया है। इस ब्लैकमेल कांड पर एक फिल्म भी बन चुकी है। इस केस में 104 लोगों ने गवाही दी, 3 पीड़िताएं अपने बयान पर आखिर तक डटी रहीं। कोर्ट ने 208 पेज का फैसला सुनाया है।

### 18 आरोपियों में से 5 सजा काट चुके

**इन 4 को उम्रकैद हुई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 10 साल की सजा में बदला :** इशरत अली, अनवर चिश्ती, मोइजुल्लाह पुत्तन इलाहबादी, शम्सुद्दीन उर्फ माराडोना। इन्हें 2003 में सजा हुई थी, ये सभी रिहा हो चुके हैं।

**हाईकोर्ट इन 4 को कर चुका दोषमुक्त :** परवेज अंसारी, महेश लुधानी, हरीश तोलानी, कैलाश सोनी। इन्हें लोअर कोर्ट ने 1998 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने इन्हें दोषमुक्त कर दिया था।

**एक सुसाइड कर चुका और एक पर कुकर्म का केस :** पुरुषोत्तम उर्फ बबली 1994 में केस चलने के दौरान सुसाइड कर चुका है। वह जमानत पर बाहर आया था। जहूर चिश्ती पर एक लड़के के साथ कुकर्म का केस चल रहा है। फारुख चिश्ती को लोअर कोर्ट ने 2007 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। 2013 में उसे भुगती हुई सजा पर ही हाईकोर्ट ने रिहा कर दिया था।

**इन 6 को सुनाई गई सजा :** सोहेल गनी, नफीश चिश्ती, जमीर हुसैन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, नसीम उर्फ टारजन।

**एक आरोपी अभी भी फरार :** अलमास महाराज अभी फरार है, इसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ है।




### अजमेर सेक्स स्कैंडल कांड क्या था?

1990 से 1992 की बात है। अजमेर के रसूखदार रईसजादों ने अलग-अलग स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाली 17 से 20 साल की 100 अधिक छात्राओं को तरह-तरह से जाल में फंसाया। उनकी न्यूड फोटो खींची। फिर ब्लैकमेल कर कई-कई बार उनका गैंगरेप किया गया था।



### 6 दोषी कई साल से जेल में

कोर्ट ने मंगलवार को जिन 6 दोषियों को सजा सुनाई, उनमें से सलीम चिश्ती 8 साल, नसीम उर्फ टारजन साढ़े 3 साल, नफीस चिश्ती पौने 8 साल, सोहेल गनी डेढ़ साल, इकबाल भाटी साढ़े 3 साल की सजा ऑलरेडी काट चुके हैं। वहीं जमीन हुसैन एंटीसिपेटरी बेल पर था। इनके वकील अजय वर्मा ने बताया कि आगे हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इकबाल भाटी के लिए पैरोल मांगी गई थी, जो जज ने खारिज कर दी है। अब जेल प्रशासन ही अजमेर के जेएलएन में इकबाल का इलाज कराएगा।

### 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया था

आरोपियों ने रील डेवलप करने के लिए लैब में दी थी। न्यूड तस्वीरें देख लैब के कर्मचारियों की नीयत बिगड़ गई थी। उनके माध्यम से ही लड़कियों की न्यूड फोटो बाजार में आई। मास्टर प्रिंट कुछ लोगों के पास ही थे, लेकिन इनकी जेरोक्स कॉपी शहर में सर्कुलेट होने लगी। ये फोटो, जिसके भी हाथ में लगी, उसने लड़कियों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इस कारण कॉलेज की 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया।

# जयपुर समेत 5 शहरों में घरों के लिए निकलेगी लॉटरी

## उदयपुर में 212 आवासों के लिए 23 हजार से ज्यादा आवेदन आए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 9 शहरों में निकाली 3001 मकानों की स्कीम के लिए आए आवेदनों की जल्द लॉटरी निकालेगा। इन सभी योजनाओं में 38 हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। सबसे ज्यादा रुचि लोगों ने उदयपुर की गोवर्धन विलास योजना में दिखाई, जबकि धौलपुर-भिवाड़ी की योजनाओं में एक भी आवेदन नहीं आए। बोर्ड अधिकारियों के मुताबिक लॉटरी इसी महीने के आखिरी तक निकालने की संभावना है। बोर्ड के मुख्य संपदा प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया- जयपुर के प्रतापगढ़, हनुमानगढ़ की डीटीओ, किशनगढ़ की खोड़ा गणेश, धौलपुर बाड़ी रोड सेक्टर 4, 5 और भिवाड़ी सेक्टर-7 की योजना के लिए अब डेट नहीं बढ़ाई जाएगी। चार बार तारीख बढ़ाने के बाद लोगों का जो रुझान आना था, वह आ चुका है। अब जल्द ही सभी आवेदनों की लॉटरी निकाली जाएगी।

### सबसे ज्यादा उदयपुर की योजना में आवेदन

बोर्ड की योजनाओं में सबसे ज्यादा आवेदन उदयपुर की गोवर्धन विलास योजना में आए। इस स्कीम में ईडब्ल्यूएस के 131 और एलआईजी के 81 यानी कुल 212 आवासों के लिए 23 हजार 274 लोगों के भरे आवेदनों की लॉटरी निकाली जाएगी। जोधपुर की बड़ली योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी की 1041 मकानों की स्कीम के लिए 9121 लोगों के आवेदन आए है।

# जयपुर की बेटी सितार वादिका विदुषी मंजू मेहता का निधन

## मिल चुका है केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड और तानसेन पुरस्कार, भट्ट परिवार में मिली संगीत की शिक्षा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड और तानसेन पुरस्कार से सम्मानित सितार वादिका विदुषी मंजू नंदन मेहता का मंगलवार को निधन हो गया। जयपुर के भट्ट परिवार में जन्मी मंजू मेहता को राष्ट्रपति ड्रोपद्र मुर्मु सम्मानित कर चुकी हैं। मंजू अहमदाबाद की प्रसिद्ध सप्तक संस्था की संचालिका थी। विश्व प्रसिद्ध देवर्षि भट्ट परिवार की पुत्री पद्मविभूषण पंडित विश्वमोहन भट्ट की बड़ी बहिन मंजू मेहता के जाने से संगीत का एक अध्याय समाप्त हो गया द्य 79 वर्ष की उम्र में भी मंजू मेहता आला दरजे का सितार बजाती थी रागदारी को निभाने का अपने अंदाज, ठहराव-भरे आलाप से लेकर अतिद्रुत लय तक की पूरी यात्रा में सहज बने रहने की उन्होंने साधना की। मंजू मेहता पं. रवि शंकर की शिष्या थीं।

# SC-ST के भारत बंद को राजस्थान में कांग्रेस का समर्थन:जयपुर समेत 16 जिलों के स्कूलों में आज की छुट्टी

**जयपुर( बढ़ता राजस्थान )।** अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया है। राजस्थान में बंद को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। जयपुर, सीकर, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, डीग, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, टोंक, भीलवाड़ा, नीमकाथाना, कोटा, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़ और भरतपुर में स्कूल-कॉलेजों के साथ समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में छुट्टी की घोषणा कर दी। कोटा, शेखावाटी और मत्स्य यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई। भरतपुर में संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने सुबह 9 से शाम 6 बजे तक इंटरनेट बंद कर दिया। गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम में सरकारी स्कूल विशनपुरा के 12 टीचरों ने सीबीईओ (टोडाभीम) को सामूहिक एप्लिकेशन देकर 21 अगस्त की छुट्टी मांगी है। उन्होंने भारत बंद का समर्थन करने के लिए छुट्टी चाही है। कोटा के साथ ही जयपुर ग्रामीण के फुलेरा, चंदवाजी, रेनवाल और अचरोल में शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

# राजस्थान में 1 सितंबर से शुरू होगा सदस्यता अभियान

## 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य, राधामोहन बोले- कांग्रेसी बना रहे है मुर्ख



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बेरवा और बीजेपी के कई पदाधिकारी और विधायक शामिल हुए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, राज्यसभा सांसद और प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भाजपा किसी परिवार या व्यक्ति विशेष या फिर नेता आधारित पार्टी नहीं है, यह तो विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित वो पार्टी है जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान, उसको परिवार का भाव और आत्मीयता का अहसास कराया जाता है।

ऐसे में भाजपा की सदस्यता अभियान किसी व्यक्ति को जोड़ने तक सीमित नहीं है, यह अभियान विचारधारा आधारित कार्यकर्ताओं को अपना बनाने का अभियान है। भाजपा ने आज तक अपने विचारों से समझौता नहीं किया, इसीलिए आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रित पार्टी के रूप में खड़ी है।

अग्रवाल ने सदस्यता अभियान में प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की योजनाओं का जिक्र किया और राजे द्वारा राजस्थान को दी गई भामाशाह योजना की खुले मन से तारिफ की। वहीं दूसरी ओर संगठन की भट्टी में तप कर निकलने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा ने शपथ लेने के साथ ही अपने नेक ईरादे जाहिर कर दिए। एक ओर मुख्यमंत्री ने राजस्थान से गुंडागर्दी पर नकेल कसने का कार्य किया तो दूसरी ओर युवाओं से जुड़ी पेपरलीक जैसे गंभीर मुद्दे पर एसआईटी गठित कर अपनी मंशा साफ कर दी।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल ने विपक्ष के आलाकमान पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता एक ओर हिन्दू होने का दावा करते है वहीं दूसरी ओर रक्षा बंधन नहीं मनाते लेकिन रक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते है। इन्होंने देशवासियों को मुर्ख बनाने का कार्य किया है। वे देशवासियों से छिपा रहे है कि वे ईसाई है, दतात्रेय ब्राह्मण बताते है, इनके दादा पारसी थे, पिता अर्द्ध पारसी और माता ईसाई है। तो इसे स्वीकार करना चाहिए। लेकिन देश के 142 करोड़ देशवासियों को विशेषकर कांग्रेसियों को ये मुर्ख बना रहे है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने सदस्यता अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछली बार से अधिक सदस्य बनाए जाएंगे। केंद्र की ओर से प्रत्येक बूथ को 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है हमें इससे अधिक ही बनाने है। आज पड़ौसी देश में जो विकराल, विपरीत और अराजकता वाली स्थिति बनी है। वैसे ही हालात कुछ विपक्षी ताकते भारत और राजस्थान में बनाना चाहते है।

लेकिन भाजपा और भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा विपक्षी दलों के मंसूबों को कामियाब नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए भाजपा की विचारधारा वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने की आवश्यकता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि केंद्र में तीसरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तथा राजस्थान में भाजपा की सरकार बनी है। अब हमें केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए घर घर जाकर संपर्क करना होगा। भाजपा का सदस्यता अभियान इस कार्य योजना की शुरूआत है।

# जयपुर में तेज बारिश, 12 जिलों में अलर्ट

## पिछले 24 घंटे में 2 इंच पानी बरसा; इस बार अब तक 47 इंच ज्यादा बरसात



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। जयपुर में मंगलवार दोपहर बाद तेज बारिश हुई। इससे पहले भरतपुर, जयपुर संभाग के जिलों में सोमवार को कई जगह 2 इंच तक बरसात हुई। 12 जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 22 अगस्त से राजस्थान में तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बरसात भरतपुर के भुसावर इलाके में 63 एमएम दर्ज हुई। भरतपुर के बयाना में 14, वैर में 10, कुम्हेर में 24, धौलपुर के मनिया में 51, सवाई माधोपुर के बामनवास में 48, करौली के नादौती में 48, अलवर के बानसून में 25, दौसा के बेजुपाड़ा में 55, महुवा में 32 एमएम बरसात दर्ज हुई।

**जयपुर में तेज बारिश, सड़कों पर पानी भरा**-जयपुर में मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रेट, बनीपार्क, एमआई रोड, टोंक रोड, जेएलएन मार्ग, सांगानेर, मालवीय नगर और चारदीवारी समेत कई जगहों पर तेज बारिश हुई। कलेक्ट्रेट पर तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। पानी भरने के कारण यहां ट्रैफिक जाम की समस्या हो गई। खासाकोठी, एमआई रोड, संसार चंद्र रोड पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम की समस्या रही।

# महाराष्ट्र के बदलापुर में बच्चियों का यौन शोषण, 3 सस्पेंड

**मुंबई।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 साल की दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की, उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। 23 साल के आरोपी ने 16 अगस्त को स्कूल के बाथरूम में बच्चियों का यौन-शोषण किया था।

# ट्रक में घुसा श्रद्धालुओं का ऑटो, 7 की मौत : मृतकों में एक साल की बच्ची शामिल, 6 घायल; यूपी से बागेश्वर धाम जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**छतरपुर( एजेंसी )।** छतरपुर में श्रद्धालुओं से भरा ऑटो ट्रक में जा घुसा। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। 4 की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। बाकी दो का इलाज छतरपुर जिला अस्पताल में चल रहा है। एक्सीडेंट कदारी के पास नेशनल हाईवे-39 पर मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। मृतकों में बुजुर्ग और एक साल की बच्ची शामिल हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मिक चौबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश के महोबा रेलवे स्टेशन से 13 श्रद्धालु ऑटो से बागेश्वर धाम जा रहे थे। इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई और ऑटो ट्रक से जा टकराया। छतरपुर एसपी अगम जैन ने बताया कि पांच लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई थी, दो ने अस्पताल में दम तोड़ा। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।



### मां को नहीं पता बेटी और पति मौत हो गई

हादसे में डेढ़ साल की अंशिका और उसके पिता जनार्दन की भी मौत हुई है। लेकिन मासूम की मां संगीता यादव को इस बारे में नहीं बताया गया है। संगीता ने बताया, हम लखनऊ के रहने वाले हैं। बेटी अंशिका के मुंडन के लिए बालाजी (बागेश्वर धाम) जा रहे थे। साथ में पति और तीन बेटियां थीं। बेटी के मुंडन से पहले हादसा हो गया। दो बेटियां यहीं हैं, लेकिन छोटी बेटी और पति नहीं दिख रहे हैं।

# रेप विक्टिम पर हाईकोर्ट की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (20 अगस्त) को नाबालिग से रेप के आरोपी की सजा बहाल कर दी। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट की उस टिप्पणी को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए। वे दो मिनट के सुख के लिए समाज की नजरों में गिर जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा- निचली अदालतों को फैसला कैसे लिखना चाहिए, इसे लेकर भी हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के कमेंट को आपत्तिजनक बताया था। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस चितरंजन दास और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की बेंच ने 18 अक्टूबर 2023 को रेप केस की सुनवाई की थी। बेंच ने लड़के को नाबालिग गर्लफ्रेंड से यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया था।

## सम्पादकीय

# संस्कृत की समकालीन प्रासंगिकता

ज्ञान की भारतीय परम्परा के स्रोत के रूप में संस्कृत भाषा और साहित्य प्रेरणा और गौरव का विषय है। ज्ञान की साधना को जीवन के क्लेशों से छुटकारा दिलाने के उपाय के रूप में स्थापित करते हुए पुरुषार्थों से मनुष्य जीवन को समग्रता में जीने का प्राविधान किया गया है। इसी से लिए ज्ञान को पवित्र माना गया है न कि दूसरों पर नियंत्रण का ज़रिया। संस्कृत विद्या के विस्तृत प्रांगण में सृष्टि और मनुष्य जीवन से जुड़े सभी पक्षों को शामिल किया गया है। वेद, वेदांग, उपनिषद, स्मृतियों, पुराणों, महाकाव्यों ही नहीं गणित, ज्योतिष, व्याकरण, योग, आयुर्वेद, वृक्षायुर्वेद, धातु विज्ञान तथा नाना विद्याओं जैसे व्यावहारिक विषयों का विकास विपरीत परिस्थितियों में भी होता रहा। इस ज्ञान-कोष को आक्रांताओं के विद्वेष का सामना करना पड़ा और नालंदा जैसे विश्वविख्यात ज्ञान केंद्र को नष्ट कर दिया गया। वाचिक पद्धति अध्ययन अध्यापन से बहुत कुछ बच गया और उसे अगली पीढ़ी अनेक विषयों के प्रतिपादन में संक्षिप्त, सांकेतिक तथा संयत सूत्र पद्धति का उपयोग किया गया। बादरायण का ब्रह्म सूत्र,आपस्तम्ब का धर्म सूत्र, वात्स्यायन का काम सूत्र, गौतम का न्याय सूत्र, पतंजलि का योग सूत्र और पाणिनिरचित व्याकरण का मानव मेधा का अप्रतिम प्रमाण 'अष्टाध्यायी' विविध विषयों का व्यवस्थित प्रतिपादन करते हैं। थोड़े से अक्षरों में निबद्ध सूत्र की विशद व्याख्या की जाती है। भाष्य और टीका की परम्परा शुरू हुई।

पाणिनि के अष्टाध्यायी के सूत्रों पर कात्यायन ने वार्तिक लिखे। अष्टाध्यायी के अनेकानेक विस्तार हुए और वरदराजाचार्य की लघुकौमुदी, भट्टोजिदीक्षित की सिद्धांतकौमुदी, पतंजलि का महाभाष्य, भर्तृहरि का वाक्यपदीय, नागेश भट्ट का शब्देन्दुशेखर और परिभाषेन्दुशेखर आदि व्याख्या ग्रंथ रचे गए। विश्लेषण की गहनता और विचार की स्वाधीनता के ये निकष आज भी स्पृहणीय हैं। दुर्भाग्य से संस्कृत विद्या पर संकुंचित होने का आरोप लगाया जाता है। सत्य यह है भारत के विविध मतों की प्रचुरता है। वह वैचारिक उदारता और सहनशीलता का अनोखा उदाहरण है। अद्वैत, द्वैत, विशिष्टाद्वैत, द्वैताद्वैत, भेदाभेद, शुद्धाद्वैत, अचिंत्य भेदाभेद जैसे विभिन्न रूपों शंकराचार्य, निम्बार्काचार्य, मध्वाचार्य, रामानुजाचार्य और वल्लभाचार्य आदि के द्वारा वेदांत का प्रतिपादन सृष्टि, जीवन और जगत की समग्र विविध व्याख्याओं को उपस्थित करते हैं।

भारतीय ज्ञान परम्परा के बौद्धिक परिवेश में प्रवेश करने पर ज्ञान के प्रति निश्छल उत्सुकता और अदम्य साहस के प्रमाण पग-पग पर मिलते हैं। इसमें आलोचना और परिष्कार का कार्य भी सतत होता रहा है । सैद्धांतिक अमूर्तन , खंडन-मण्डन की एक पारदर्शी एवं सार्वजनिक विमर्श की व्यवस्था को दर्शाती है । प्रत्येक शास्त्र की विषय वस्तु, उद्देश्य, प्रासंगिकता और इसके जिज्ञासु को सुनिश्चित किया गया था। ज्ञान अबाधित होना चाहिए और छल प्रपंच से रहित होना चाहिए । उसे प्रत्यक्ष, अनुमान, शब्द आदि विभिन्न स्वीकृत प्रमाणों पर जाँच परख कर स्वीकार करना चाहिए। ज्ञानार्जन में श्रवण, मनन और निदिध्यासन का अवलम्बन किया जाता है।

# सस्ती एवं नकारात्मक राजनीति है लेटरल एंट्री का विरोध

**संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव की भूमिकाओं के लिए प्रतिभाशाली, कार्यक्षम और दक्ष भारतीय नागरिकों से 45 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करके सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री ( सीधी भर्ती ) का स्वागतयोग्य एवं सराहनीय प्रयोग कर रहा है। भले ही इस मुद्दे को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं। वैसे भी ऐसे राजनीतिक लोगों एवं दलों की आंखों में किरणें आंज दी जाये तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। विपक्षी दलों विशेषतः कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के आरक्षण की उपेक्षा के लिए सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री नीति की आलोचना की है।**

ललित गर्ग

भारतीय नौकरशाही संरचना के प्रभावी एवं परिणामकारी प्रदर्शन को निश्चित रूप से लेटरल एंट्री प्रक्रिया के साथ पूरक किया जा सकता है। लेटरल एंट्री नई बाहरी प्रतिभाओं को लाकर, सरकारी अधिकारियों को सार्वजनिक कल्याण के लिए और अधिक काम एवं प्रभावी काम करने के लिए प्रेरित करके नियमित सरकारी अधिकारियों को पूरक कर सकते हैं, लेकिन लेटरल एंट्री की प्रणाली को अधिक समावेशी, पारदर्शी और असरदार बनाने के लिए एक निश्चित नीति के साथ आगे बढ़ने एवं इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर सकारात्मक रवैया अपनाना देश विकास के लिये जरूरी प्रतीत होता है। इसके लिये वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार ने जो कदम उठाया है, उस पर राजनीति करने करने की बजाय उसमें देशहित को सामने रखा जाना चाहिए। वैश्वीकरण ने शासन के काम को अत्यंत जटिल बना दिया है और यही वजह है कि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता और कौशल की मांग पहले से बहुत अधिक बढ़ गई है। अर्थव्यवस्था और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में थिंक-टैंकों की आवश्यकता के मद्देनजर तथा अन्य ऐसे विभागों में जहाँ विशिष्ट प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है, लेटरल एंट्री से संयुक्त सचिवों की नियुक्ति की जानी प्रांसगिक एवं उपयोगी कदम है।

भारत में सिविल सेवाओं में लेटरल एंट्री का तात्पर्य सरकार के मध्य और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर पेशेवरों एवं प्रतिभाशाली कर्मियों की भर्ती से है। जिसमें प्रतिभाशाली एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य विशिष्ट कौशल और विशेषज्ञता लाना है जो पारंपरिक नौकरशाही ढांचे में उतनी प्रभावी प्रतीत नहीं हो रही है। कई संभावित और अच्छे प्रशासक हैं जो अपनी कम उम्र के दौरान सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में भाग नहीं लेते हैं। लेटरल एंट्री उन्हें शासन तंत्र का हिस्सा बनने और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है। नया भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत निर्मित करने में इन प्रतिभाओं का उपयोग होना राष्ट्र में एक नयी रोशनी का अवतरण हो सकता है। देखा यह गया है कि जब भी ब्यूरोक्रेसी में सुधार की चर्चा होती है, तो इसका विरोध होने लगता है, जो विरोधाभासी एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ-साथ संकीर्ण राजनीति का द्योतक हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों की ओर से जिस तरह लेटरल एंट्री पर आपत्ति जताई जा रही है, वह यही बताती है कि नकारात्मक राजनीति की जा रही है। यह आश्चर्जनक है कि ऐसे देश-विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के निर्णयों एवं मुद्दों का विरोध करने की राजनीति की कमान राहुल गांधी अपने हाथ में लेते हुए दिख रहे हैं। कम से कम उन्हें तो इससे बचना चाहिए, क्योंकि राहुल गांधी को यह नहीं भूलना चाहिए कि वित्त सचिव के रूप में मनमोहन सिंह की नियुक्ति लेटरल एंट्री ही थी और वह भी बिना किसी निर्धारित प्रक्रिया के। भारत में लेटरल एंट्री कोई नई बात नहीं है। पहले भी भारत में इसका फायदा उठाया जा चुका है। मुख्य आर्थिक




सलाहकार की नियुक्ति लेटरल एंट्री से ही की जाती रही है। पूर्व आर्थिक सलाहकार मोंटेक सिंह अहलूवालिया, आधार की नींव रखने वाले नंदन नीलेकणि जैसी बड़ी हस्तियां इसी के जरिए प्रशासन में शामिल हुईं। यह व्यवस्था तदर्थ आधार पर की गई है, यह संस्थागत नहीं है। लेटरल एंट्री की व्यवस्था सिर्फ भारत में ही है। ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे पश्चिमी देशों में पहले से ही सभी क्षेत्रों के योग्य कर्मियों के लिए विशिष्ट सरकारी पदों को खोल दिया है। यह नौकरी के लिए बेहतरीन प्रतिभाओं को आकर्षित करने का एक बेहतर तरीका पाया गया है। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। इसके विपरीत वर्तमान सरकार एक तय प्रक्रिया के तहत लेटरल एंट्री कर रही है। इसी कारण इसकी जिम्मेदारी संघ लोक सेवा आयोग को दी गई है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को यह भी पता होना चाहिए कि लेटरल एंट्री के जरिये जो नियुक्तियां की जा रही हैं, वे अस्थायी हैं। ये नियुक्तियां केवल तीन वर्ष के लिए हैं और उनमें अधिकतम दो वर्ष की वृद्धि की जा सकती है। प्रशासन में सुधार की हर पहल को आरक्षण से जोड़ना केवल यही नहीं बताता कि वोट बैंक की सस्ती राजनीति अनियंत्रित हो रही है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि आरक्षण को हर मर्ज की दवा मान लिया गया है। यह ठीक नहीं कि होनी को अनहोनी बनाने का प्रयत्न हो। वैसे लेटरल एंट्री राष्ट्रहित का मुद्दा है। जिस पर 2002 की संविधान समीक्षा आयोग ने भी सिफ़ारिश वकालत की। मनमोहन सिंह के समय 2005 की द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग ने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर लेटरल एंट्री के लिए एक संस्थागत और पारदर्शी प्रक्रिया की सिफारिश की। स्पष्ट है कि कांग्रेस एक बार फिर अपने शासन के समय सुधार की दिशा में उठाए गए कदम का विरोध कर रही है। नीति आयोग ने अपने तीन-वर्षीय कार्य एजेंडा में लेटरल एंट्री के विचार का समर्थन किया। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि लेटरल एंट्री से विशेष ज्ञान और प्रशासनिक कौशल को शामिल करके शासन में सुधार की क्षमता को विकसित किया जा सकता है। शासन में सचिवों का क्षेत्रीय समूह ने भी लेटरल एंट्री प्रणाली का समर्थन किया। यह तर्क दिया गया कि लेटरल एंट्री प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को पेश करके सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाया सकता है और उसे उच्च परिणामकारी बनाया जा सकता है। विरोध के लिये विरोध करने की सोच एवं उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक नीति के द्वारा किसी का भी हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होती। राहुल गांधी और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से यह जो माहौल बनाया जा रहा है कि लेटरल एंट्री के जरिये विभिन्न मंत्रालयों में विशेषज्ञों की नियुक्तियों से आरक्षित वर्गों के हितों को नुकसान होगा, उसका इसलिए कोई औचित्य नहीं, क्योंकि यह कहीं नहीं कहा गया है कि इन वर्गों के लोग आवेदन नहीं कर सकते। राहुल गांधी किस तरह अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक झूठा विमर्श खड़ा रहे हैं, इसका पता इससे भी चलता है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय स्वयं उन्होंने पूर्व सैन्य अधिकारियों को लेटरल एंट्री के जरिये सिविल सेवाओं में शामिल करने का वादा किया था। लेटरल एंट्री का उद्देश्य है कि जहां कहीं भी कुशल और जानकार लोग हों, उनकी प्रशासन के संचालन में सेवाएं ली जाएं, ताकि सरकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इसमें कोई दो राय नहीं कि ब्यूरोक्रेसी में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा करने से पहले इसे राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त करने की भी आवश्यकता है। राजनीतिक रूप से मजबूत और स्थिर नरेंद्र मोदी की सरकार ने कंपनियों के दिवालिया होने से जुड़े विवादों के निपटारे, जीएसटी लागू करने, नोटबंदी और कृषि क्षेत्र जैसे कई अहम सुधार किए हैं। मोदी सरकार ने श्रम कानूनों को भी सरल बनाया है। लेकिन, इन सुधारों को लेकर उन्हें उस वक्त के मुकाबले कड़े विरोध का सामना करना पड़ा है, जब पहले पहल इन सुधारों का प्रस्ताव रखा गया था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**वृष**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

**मिथुन**
आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी के साथ निकटता के पल व्यतीत कर सकेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है।

**कर्क**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। लंबी यात्रा होगी। विदेश से समाचार मिलेगा।

**सिंह**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**कन्या**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। मौज-शौक और घूमने-फिरने के पीछे खर्च होगा।

**तुला**
शारीरिक- मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**वृश्चिक**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**धनु**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।


**मकर**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**कुंभ**
निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**मीन**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। प्रिय व्यक्ति की मुलाकात तथा काम में सफलता का योग है। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी।

## शख्सियत

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है एक ऐसा कपल जो पूरक हैं एक दूसरे के। यूं तो शख्सियत कॉलम में हम एक व्यक्ति के व्यक्तित्व को समाज तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं लेकिन यहां शख्सियत एक कपल भी हो सकता है। जी हां ये आदर्श दंपत्ति है हरीश जसोरिया और उनकी धर्मपत्नी वैशाली जसोरिया। मैं बड़े फकीर के साथ कहूंगा कि जिंदगी के इस दांपत्य जीवन रूपी इस नाव में अनेकों बार समस्याओं रूपी तूफानी लहरों का सामना करना पड़ता है लेकिन इस दंपत्ति को मैंने कभी मुरझाए हुए नहीं देखा, हमेशा ऊर्जा और अपने विवेक के साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यों में पूरे जोश के साथ भाग लेने और उसमें समायोजित होने की कला इस दंपति में है। किसी भी प्रकार का कोई धार्मिक आयोजन हो यह दंपत्ति वहां मौजूद रहते हैं । इस बात से परे की यह आडंबर है या पाखंड है लगभग देश के सभी मंदिरों में इन्होंने भगवान के दर्शन किए हैं। धार्मिक वातावरण इनको इनके घर से परवरिश के रूप में मिला है हरीश जसोरिया की माता जी श्रीमती कांता जसोरिया बहुत धार्मिक और नेक विचारधारा की महिला है। सामाजिक दृष्टिकोण से गरीब बच्चियों की शादी करना और उनके विवाह में सहयोग करना उनकी अभिरुचि और धर्म कर्तव्य के रूप में इस दंपति को विरासत में मिला है कहानी कथा हो कहीं कीर्तन हो कहीं कोई धार्मिक आयोजन हो यह दंपत्ति पूरे आस्था, निष्ठा, श्रद्धा और विश्वास के साथ उसमें भाग लेते हैं। मुझे फक्र होता है की आनंद क्या होता है यह इस कपल के दांपत्य जीवन को देखकर लोग महसूस कर सकते हैं। एक दूसरे के प्रति भावना को समझना एक दूसरे के प्रति निष्ठा के भाव को अंतर्मन से समझना यह इस दंपति का सबसे बड़ा संदेश इस समाज के लिए है। आज उतार-चढ़ाव और भाग दौड़ भरे जीवन में सबसे पहले झगड़ा ही यहां से शुरू होता है लेकिन इनका एक दूसरे के प्रति विश्वास और भाव समाज के लिए एक अच्छा संदेश दे रहा है दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके सहज और सरल मिलन और ऊर्जा के संचार को बनाए रखने की कामना करती है ।


हरीश वैशाली जसोरिया
( आदर्श दम्पत्ति )

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 21 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्कॉटलैंड में 1689 को डंकल्ड का युद्ध हुआ।
- तुर्की और वेनिस के बीच 1718 में शांति संधि हुई।
- स्वीडन में 1772 को गुस्ताव तृतीय ने 50 वर्ष पुराने संसद के शासन को समाप्त कर तानाशाही स्थापित की।
- जनरल मेडोस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने 1790 में डिंडिगुल पर कब्जा जमाया।
- तस्मानिया के शहर होबर्ट की स्थापना 1842 में हुई।
- पहले विश्व युद्ध के दौरान इटली ने 1915 में तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- इटली के हाई स्कूलों में यहूदी शिक्षकों पर 1938 को प्रतिबंध लगा।
- अमरीका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने 1944 में संयुक्त राष्ट्र के संगठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की
- हवाई 1959 में अमेरिका का 50वां प्रांत बना।
- बुद्ध मंदिर पैगोडा में छापे के विरोध में दक्षिण वियतनाम में मार्शल लॉ की घोषणा 1963 में की गई।
- यूरोपीय देश रोमानिया में संविधान को 1965 में अंगीकार किया गया।
- चेकोस्लोवाकिया के स्थानीय रेडियो द्वारा पराग्वे पर 1968 को सोवियत संघ के नेतृत्व में हमले की घोषणा की गई।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम संसद में 1972 को पारित।
- फिलीपींस के विपक्षी नेता बेनिग्रो एस। एक्विनो की 1983 में स्वैच्छिक निर्वासन के पश्चात् वापसी, भूमि पर क़दम रखते ही गोली मारकर उनकी हत्या।
- कैमरुन में 1986 को ज्वालामुखी विस्फोट से निकली जहरीली गैस के कारण लगभग हजारों लोगों की मौत हो गई।
- भारत नेपाल सीमा पर 1988 को आये तीव्र भूकंप से एक हज़ार लोगों की मौत।
- सोवियत संघ में 1991 को राष्ट्रपति गोर्बाचोव अपदस्थ, मास्को में कर्फ़्यू, क्रान्ति विफल एवं गोर्बाचोव पुन: सत्ता में।
- लातविया ने 1991 में संयुक्त सोवियत संघ रूस से अलग होने की घोषणा की।
- राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1993 में रूसी संसद भंग किया।
- मार्स आर्ब्जवर के साथ 21 अगस्त 1993 को नासा का सुपर्क टूटा।
- पूर्वी चीन में 1997 को चक्रवाती तूफ़ान विन्नी से 140 लोगों की मौत हुई और तीन हजार लोग घायल हुए।
- दक्षिण-पूर्वी आर्दक प्रान्त में 2000 को लगी आग से 1600 हेक्टेयर क्षेत्र में खड़े वन नष्ट, रूसी पनडुब्बी के सभी 118 सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफ़ी अन्नान ने 2003 को इराक में संयुक्त शांति सेना भेजने का प्रस्ताव खारिज किया।
- बांग्लादेश और भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच 2005 में संघर्ष विराम का समझौता सम्पन्न।
- इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने 2006 को नरसंहार ट्रायल में भाग लेने से इन्कार किया।
- श्रीनगर और 'पाक अधीकृत कश्मीर' की राजधानी मुजफ्फराबाद के बीच चलने वाली कारवां-ए-अमन बस सेवा 2008 को पुन: प्रारम्भ।
- मून मिशन पर भारत ने 2008 में नासा से हाथ मिलाया।

## विशेष आलेख

# अमेरिका में कमला हैरिस या डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय करेगी वैश्विक शांति की दिशा और कूटनीति

आज पूरा विश्व वैश्विक-युद्ध की आशंका से ग्रस्त है और विगत 2 वर्षों से ज्यादा समय से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध एवं इसराइल हमास युद्ध में फिलिस्तीन तथा इसराइल के लगभग 40 से 50 हजार निर्दोष सैनिक और नागरिक मारे जा चुके हैं। पूरा विश्व वैश्विक युद्ध की कगार पर बैठा हुआ है। यदि रूस ईरान या अन्य एक देश भी परमाणु हथियार इस्तेमाल करता है तो भारी वैश्विक विनाश की संभावना बलवती हो जाएगी। ऐसे में अमेरिका में नए राष्ट्रपति के चयन पर सारी बात निर्भर करती है। अमेरिका का अगला राष्ट्रपति ही वैश्विक शांति और अशांति की दशा तथा दिशा तय करेंगे। भारत के बाद अमेरिका दूसरा बड़ा प्रजातांत्रिक देश है प्रजातंत्र,लोकतंत्र में सदैव निष्पक्ष चुनाव बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।अमेरिका में इस बार राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में संपन्न होनें जा रहे है सबसे बड़े बलशाली,शक्तिशाली देश को अगला राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति मिल जाएगा। रिपब्लिकन पार्टी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बार फिर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार वर्तमान राष्ट्रपति जो बाईडेन ने डोनाल्ड ट्रंप को पराजित सत्ता हासिल की थी पर इस बार जो बाईडेन मैदान में जरूर थे किन्तु चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप से चुनावी बहस के दौरान अपने खराब प्रदर्शन के कारण उनके स्थान पर डेमोक्रेटिक पार्टी की ही उम्मीदवार वर्तमान की पूर्व उपराष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस को उनके स्वास्थ्यगत कारणों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार घोषित किया है । चुनाव प्रचार के शुरुआती दौर में डोनाल्ड ट्रंप आगे चल रहे थे पर कमला हैरिस के राष्ट्रपति की उम्मीदवारी की घोषणा से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के कई राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस से पीछे हो गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले अमेरिका के उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ है और अमेरिका में किए गए सर्वे के हिसाब से डोनाल्ड ट्रंप कमला हैरिस से कुछ प्रतिशत पीछे चल रहे हैं। एसोसिएट प्रेस के एसोसिएट ऑफ पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के अनुसार अमेरिका के वयस्क मतदाताओं लगभग 48त्न की पसंद कमला हैरिस बताई जाती हैं। कमला हैरिस के शुरुआत के चुनावी प्रचार में कम प्रतिशत पसंद की उम्मीदवार थी। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाईडेन के चुनावी मैदान से हटने के बाद कमला हैरिस ने अपनी लोकप्रियता में अपनी मेहनत और मशक्कत से काफी बढत हासिल की है,उन्होंने लोकप्रियता में वर्तमान तथा पूर्व राष्ट्रपति दोनों को काफी पीछे छोड़ दिया है। जो बाईडेन को 39त्न अमेरिकी मतदाता पसंद करते थे किंतु अब स्थिति बदल गई है कमला हैरिस की उम्मीदवारी घोषित होते ही कमला हैरिस अब 41 से 43त्न मतदाताओं की पहली पसंद बताई जा रही हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस को भारतीय मूल के मतदाताओं का पूरा समर्थन तो मिलेगा ही साथ में उनका पूरा डेमोक्रेटिक दल इस चुनाव में कमर कस के उनके साथ ऐसे कार्यक्रमों में शिरकत करने की योजना बना रहा है जहां ज्यादा से ज्यादा



मतदाताओं की भीड़ एकत्र होगी, ऐसे में खेल के मैदानों को भी प्रचार का हिस्सा बनाया जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने कई कार्यक्रमों में कमला हैरिस पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर मतदाताओं को नाराज भी कर लिया है और उनके साथ चुनाव प्रचार करने वाले सलाहकारों ने भी डोनाल्ड ट्रंप को इन सबसे बचने की सलाह दी है किंतु डोनाल्ड ट्रंप आम सभाओं में अपने आप को कमला हैरिस पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से रोक नहीं पाते हैं। जैसे-जैसे चुनाव प्रचार तेजी पकड़ता जा रहा है डोनाल्ड ट्रंप धीरे-धीरे पीछे होते जा रहे हैं। यह तो तय है कि कमला हैरिस या डोनाल्ड ट्रंप के जीतने से रूस यूक्रेन युद्ध इजराइल हमास फिलिस्तीन युद्ध की दिशा और दशा तय होगी। जाहिर तौर पर कमला हैरिस यदि जीतती हैं तो उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व निर्धारित नीतियों पर ही चलना होगा और उन नीतियों को अमल करते हुए वह यूक्रेन को रूस के विरुद्ध युद्ध में मदद जारी रखेगी, अमेरिका अब तक यूक्रेन को अब तक .9 लाख की मदद कर चुका है एवं जो बाईडेन ने आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया है। निश्चित तौर पर कमला हैरिस भी जो बाईडेन की नीतियों पर अमल करेंगीं, यदि पूर्व राष्ट्रपति की नीतियों पर नहीं भी चलेगी तो भी यूक्रेन की मदद करना उनकी बड़ी जिम्मेदारी और मजबूरी होगी। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में हमास, फिलिस्तीन, ईरान समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला एवं हमास के समर्थन में खड़े खाड़ी के देशों के विरुद्ध इसराइल को खुला समर्थन देना होगा।

यह बात अलग है कि अभी अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन 9वीं बार इसराइल हमास युद्ध के बीच इसराइल गाजा युद्ध की समाप्ति और बंधकों की रिहाई संबंधी समझौता वार्ता आगे बढ़ाने के लिए पहुंचे हैं। हालांकि इजरायल की एजेंसी के अनुसार हमास की हठधर्मिता के कारण हर बार समझौता असफल होने का कारण बताया जा रहा है। ईरान की धमकियों के बाद अमेरिका सीधे-सीधे इसराइल तथा हमास, ईरान,इराक,कतर तथा मिश्र से यह उम्मीद जताई है युद्ध विराम के लिए में ये लोग समझौते के लिए राजी हो सकते हैं। दूसरी तरफ यदि डोनाल्ड ट्रंप अगले राष्ट्रपति होंगे तो यही परिदृश्य काफी बदला हुआ नजर आएगा। डोनाल्ड ट्रंप रूस के साथ अच्छे संबंधों की दुहाई देकर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप भी इसराइल हमास युद्ध में बड़े मध्यस्थ की भूमिका निभाने की स्थिति में रहेंगे।

# हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचारो के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारो को रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** हिन्दू समरसता मंच के तत्वावधान में मंगलवार को विशाल आक्रोश रैली निकाल कर राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार राहुल पारीक को सौंपी गई।

पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर से नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन के नेतृत्व में समस्त हिन्दू समाज के लोग बांग्लादेश विरोधी नारेबाजी करते हुए व बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारो को रोकने संबंधी लिखी तख्तियां व केसरियां ध्वज हाथो में लेकर लहराते हुए आक्रोश रैली रवाना हुई। रैली में शामिल हिन्दु समाज के लोग हिन्दु एकता संबंधी नारे लगाते व बाग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी अंतरिम सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। रैली शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल होते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार को सौंपी गई। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में सरकार का तख्ता पलट के बाद हिन्दु समाज के लोगो पर खुले आम अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दू समाज के लोगो की सम्पतियां नष्ट की जा रही है और समाज के लोगो की बेहरमी से हत्याएं की जा रही हे। इन सबके चलते देश के सम्पूर्ण हिन्दु समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। साथ ही हिन्दू समाज इन सब घटनाओं की कड़े शब्दो में निन्दा कर तुरन्त प्रभाव से बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो अत्याचारो को रोकने की मांग करता है। ज्ञापन में मांग करते हुए लिखा गया कि भारत देश में अवेध रूप रह रहे रोहिंग्या बांग्लादेशीयो को तुरन्त प्रभाव से कड़ी कार्रवाई कर बाहर निकाला जाए। देश में हिन्दु समाज को डराने वाली कार्रवाईयो को रोका जाकर हिन्दु समाज को पूर्ण संरक्षण प्रदान किया जाए। ज्ञापन में चेतावनी देते हुए लिखा गया कि विदेशी ताकतो के षड्यंत्रो में शामिल होकर यदि भारत को अस्थिर करने की कार्रवाही होती है तो उसे देश का हिन्दु समाज किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा। रैली में मालपुरा शहर के हिन्दु समाज के घटक समाज के सैकड़ो समाजबंधु शामिल हुए।

### कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

हिन्दू समरसता मंच के तत्वावधान में निकली जन आक्रोश रैली के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। रैली में आगे व पीछे पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार व थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस व आरएसी के जवान पैदल मार्च करते हुए चले। साथ ही शहर के मुख्य चौराहो व मार्गो में भी पुलिस के जवान तैनात किए जाने के अलावा यातायात पुलिस के कर्मी भी रैली के साथ चले।



## पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम ने कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए विभिन्न संगठनों के साथ ली बैठक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** बुधवार, 21 अगस्त को भारत बंद के आह्वान को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संजीव नैन एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने मंगलवार को जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक एवं एडीएम ने भारत बंद आव्हान में शामिल होने वाले संगठनों के पदाधिकारियों से आयोजित होने वाली गतिविधियों, रोड मैप, आयोजन का समय तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली एवं कहा कि सभी लोग शांति और सौहार्द के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने विभिन्न संगठनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस विभाग को देकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहभागिता निभाएं। आयोजक एवं प्रशासन के बीच किसी भी तरह का कोई भी कम्युनिकेशन गैप नहीं रहे। बैठक में एएसपी ज्ञान प्रकाश नवल, उपखंड अधिकारी राहुल सैनी, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, भीम सेना संरक्षक कमलेश चावला, जिलाध्यक्ष अशोक बैरवा, संयोजक रामदयाल गुणावत, सह संयोजक ओमप्रकाश महावर, नगर परिषद के उपसभापति बजरंग लाल वर्मा, श्री व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनीष बंसल, महासचिव आनंद बम्ब, विनोद बैरवा, जवाहर बाजार व्यापार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, एडवोकेट सलीम नकवी, ऑटो रिक्शा संघ के सईद मियां, शहजाद, इंटक के मिर्जा उमर खान समेत अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर :** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस दौरान सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी लोगों से किसी भी प्रकारी की अफवाह नहीं फैलाने तथा भ्रामक अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

## कांग्रेसजनो ने मनाया सद्भावना दिवस



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालपुरा द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाकर श्रद्धाजंली अर्पित की गई।

मंगलवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर संगोष्ठी एवं पुष्पाजंली का कार्यक्रम ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट की अध्यक्षता में रखा गया। कार्यक्रम में ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताकर याद किया। वहीं कार्यक्रम के अन्य वक्ता कांग्रेसजनो को राजीव गांधी के जीवनी प्रकाश डाल कर उनके बताए सद्भावना के मार्ग पर चलने का आव्हान किया। अंत में मौजुद सभी कांग्रेसजनो ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली प्रकट की। कार्यक्रम में किशनलाल फगोड़िया, छोगालाल गुर्जर, अवधेश शर्मा, इश्हाक मोहम्मद, नेता प्रतिपक्ष मोहम्मद हनीफ, धन्नालाल बैरवा,रईस अहमद नकवी, सरपंच कमल कुमार जैन, भैंरूलाल जाट, अब्दुल्ला गहलोत, असगर नकवी, गीता वालिया, रामकिशन भादू, गणेश गौरा, कैलाश बैरवा, नूर मोहम्मद, मुंशी खां बेलिम, रामलाल फौजी, गजेन्द्र बोहरा, गिर्राज शेरावत, सीताराम माहुर, तेजपाल वाल्मिकी, इलियास अहमद, सत्यप्रकाश सैनी, सहित अन्य कई कांग्रेसजन मौजुद रहे।

## डिग्गी कल्याण पदयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओ का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** श्री श्याम सखा परिवार एवं श्री बद्री विशाल पद यात्रा संघ के सयुक्त तत्वावधान में डिग्गी में विराजित श्रीकल्याण धणी के दर्शनों के लिए मंगलवार को श्री बद्री विशाल मंदिर पर विधिवत पूजन-अर्चन के बाद नटवाड़ा से 17वीं पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रियों द्वारा डिग्गी श्रीकल्याण धणी के पहुंचकर खुशहाली की कामना के साथ झंडा चढ़ाया जाएगा। क्षेत्र की खुशहाली और शांति की कामना के साथ सकाल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित डिग्गी श्रीकल्याण महाराज की पदयात्रा में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ा। पदयात्रा के संयोजक बद्री विजय ने बताया कि मंगलवार की सुबह श्री बद्री विशाल भगवान के मंदिर पर पारंपरिक तरीके से पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों ने संतगणों और अतिथियों की मौजूदगी में ध्वजपूजन किया और उसके बाद भाजयुमों जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने भगवा पताका दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान कस्बे में विभिन्न स्थानों पर पदयात्रा का स्वागत कर फलाहार और जलपान कराया गया। बाजे छै नौबत बाजाए म्हारा डिग्गीपुरी का राजा.... मैं तो जाउंगी डिग्गीपुरी का मेला में.... भंडारा में नाचे म्हारी बीनणी रे... जैसी स्वर लहरियों के बीच श्रीकल्याण धणी के दर्शनों के लिए पदयात्रा रवाना हुई। कल्याण महाराज की प्रतिमा को फूलो से सजें-धजे रथ में विराजमान कर गॉव में भ्रमण करवा कर गाजे बाजे के साथ कस्बे के प्रमुख मार्ग से झूमते-नाचते गुजरे पदयात्रियों का जगह.जगह स्वागत किया। रास्ते में भी कई जगह स्वागत सत्कार के कार्यक्रम रखे गए। इससे पूर्व ग्रामीण पंच-पटेलो ने पदयात्रा की सफलता के लिए पथवारी माता का पूजन कर महाआरती की।

पदयात्रा में महिलाएं रंग बिरंगे वस्त्र पहन कर मगंल गीत गाती एवं भगवान के जयकारे लगाती हुई चल रही थी। डिग्गी धाम में विराजित भगवान श्री कल्याण महाराज के दर्शनों को आतुर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा में शामिल होकर रवाना हुए। इस दौरान भजन संध्या में कलाकारों ने श्री बद्री विशाल मंदिर में देर शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा आराध्य देव को रिझाने वाले कई भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। डिग्गी धाम पहुंचने पर मंदिर में परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ यात्रा का समापन होगा।

## कृषि मंडी में स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर व बान्दरे वाले बालाजी के मंदिर में महादेवजी के किया जलाभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कृषि मंडी में स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में व्यापारियों द्वारा सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। मंडी व्यापारी दीपक गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को व्यापार मंडल के तत्वावधान में आचार्य पंडित रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में विद्वान पंडितों के सान्निध्य में मंडी व्यापारियों ने गुप्तेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की। इसके बाद एक हजार जल से भरे घडों से महादेव का जलाभिषेक किया तथा फूलों से आकर्षक झांकी सजाई गई और महाआरती की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, मंदिर अध्यक्ष केदार खण्डेलवाल, रामअवतार घाटी, अमित धामाणी, पवन पारीक, सुरेंद्र बेनीवाल, राजेंद्र चौधरी, अरविंद टोडवाल, सुनील अग्रवाल, रोहित टोडवाल, रौनक बोहरा, अविनाश कठमाणा, मुरारी पंडा, राजू नाटाणी, रविन्द्र पंडा, आशीष टोडवाल व अतिशय चंवरिया सहित कई मंडी व्यापारी मौजूद थे। इसी प्रकार काली के बाग रोड स्थित बान्दरे वाले बालाजी के मंदिर में पण्डित केदार प्रसाद शर्मा के सानिध्य में सहस्त्रघट का आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्षद पारसमल पहाड़ी, मुख्य प्रधान उम्मेदसिंह राजावत एवं राजेन्द्र कुमार बोंली ने महादेव का जलाभिषेक किया तथा फूलों से आकर्षक झांकी सजाई गई और महाआरती की गई।

## श्री रामकथा आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद की आवश्यक बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में 21 अगस्त बुधवार को सायं 7.30 बजे श्री रामकथा आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद की आवश्यक बैठक समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी की अध्यक्षता में रखी गई है। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि बैठक में महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर 24 अगस्त शनिवार को निकाले जाने वाली विशाल एवं भव्य कलश यात्रा पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में इसके अलावा महोत्सव आयोजन को लेकर अन्य कार्यो पर भी विचार विमर्श कर महोत्सव को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा व व्यवस्थापक रामबाबू परतानी ने बताया कि महोत्सव को लेकर परिषद एवं समिति के कार्यकर्ता शहर के घर घर पहुंच कर हर आम जन को महोत्सव से जुड़ने व रामकथा का आनन्दन लेने का निमन्त्रण दे रहे हैं। घर घर प्रचार में जुटे मुख्य कार्यकर्ताओं में त्रिलोकचन्द विजय, सुनील परतानी, मोतीलाल कारवाल, भागचन्द शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, रमेश पटवारी, महावीर प्रसाद जैन, अमित विजय, सोमदत्त शर्मा, ज्ञानचन्द जैन के अलावा परिषद व समिति के अन्य कई महिला व पुरूष कार्यकर्ता शामिल है।

## लापरवाह है जोधपुरिया सरकारी स्कूल के अध्यापक, मनमर्जी के मालिक कभी भी समय पर नही पहुँचते है स्कूल, बच्चो की पढ़ाई हो रही है चौपट, ग्रामीणों ने जड़ा ताला,

# प्रिंसपल बोली मुझे नही पता कितने बजे आए



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीण आक्रोशित है। मंगलवार को ग्रामीणों ने स्कूल पर तालाबंदी कर अध्यापकों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। ग्रामीणों ने बताया कि कभी भी समय पर अध्यापक स्कूल नहीं पहुंचते हैं। जिनसे बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। स्कूल खुलने के समय से तीन से चार घंटे तक अध्यापक स्कूल पहुंचते है।

मंगलवार को विद्यालय मे शिक्षक सत्यनारायण, कमलेश, हरीश व ओमप्रकाश सहित एक अध्यापिका भी स्कूल के निर्धारित समय से देरी से पहुंची थी जिसका ग्रामीणों ने विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो जमकर वायरल हो रहा है। ग्रामीण हंसराज नेकाड़ी, हनुमान व केदार सहित अन्य लोंगो ने बताया कि अध्यापको की लापरवाही से स्कूल का रिजल्ट लगातार घटता जा रहा है। परिजन बच्चो के भविष्य को लेकर चिंतित है। क्यो कि कुछ अध्यापक तो कभी भी समय से नही आते है। कुछ कहने पर गांव वालों को ही दोष देते है।

**गत वर्ष भी जताई थी ग्रामीणों ने नाराजगी :** गत वर्ष भी शिक्षको के देरी से पहुँचने को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी। लेकिन विद्यालय में कोई सुधार नहीं हो रहा है। अध्यापक अपनी मर्जी से स्कूल पहुंचते हैं। इस संबंध में स्कूल की प्रधानाचार्या चन्द्रकांता भुषण से जब बात की तो वह अध्यापको का पक्ष लेती दिखी और कहने लगी कुछ लोग है जो बात को तुल दे रहे है। मुझे नही पता अध्यापक कितने बजे आए थे क्योकि विद्यालय का गेट मेरे रूम से दुर है। उन्होने कहां की समाचार मत लगाओ कल से समय से आ जाएंगे। बाकी मेने तीन अध्यापको के आज की रजिस्टर में लाईन खीच कर सीएल लगा दुंगी।

**चन्द्रकांता भुषण**
**प्रधानाचार्या, जौधपुरिया**
**रा. उ. मा. वि.**

## भारत बंद के समर्थन में आज मालपुरा बंद व आक्रोश रैली के बाद सौंपा जाएगा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षेत्र के समस्त अनुसूचित जाति जन जाति वर्ग के लोगो द्वारा बुधवार 21 अगस्त को भारत बंद के आव्हान के चलते मालपुरा बंद का आव्हान कर आक्रोश रैली के बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस बाबत जानकारी देते हुए गजेन्द्र बोहरा ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 1 अगस्त से अनुसूचित जाति एवं जन जाति के प्रतिनिधित्व/आरक्षण में वर्गीकरण के फैसले के विरोध में 21 अगस्त बुधवार को भारत बंद का आव्हान किया गया है। भारत बंद के समर्थन में समस्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा डॉ. अम्बेडकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को भारत बंद के समर्थन में मालपुरा बंद का आव्हान किया गया है। शशिपाल झारोटिया ने बताया कि बुधवार को प्रातः 9 बजे गांधी पार्क से आक्रोश रैली शुरू होगी। यह रैली शहर के मुख्य बाजारो से होकर उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति उपखण्ड अधिकारी को सौंपी जाएगी। सोशल मीडिया संयोजक नरेन्द्र फुलवारिया ने बताया कि अनुसूचित जाति जन जाति के कथित क्रीमीलेयर वर्ग ने सुप्रीम कोर्ट फैसले को आरक्षण की भावना के खिलाफ बताते हुए इसे वापस लेने की मांग करती है। उमाशंकर ठागरिया व रामलाल फौजी ने बताया कि भारत बंद के दौरान सभी आपातकालीन सेवाऐं यथावत चालु रहेगी। बैंक, सरकारी कार्यालय बंद रखने संबंधी अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है। इसलिए माना यही जा रहा है कि बैंक व अन्य सरकारी कार्यालय भी चालु रह कर बंद से पूरी तरह से मुक्त रहेगें।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पौधा रोपण

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी



बढ़ता राजस्थान


**निवाई (का.स.)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय निवाई में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए बालिकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधा रोपण करना बहुत ही आवश्यक है। यह हमें स्वच्छ प्राणवायु प्रदान करते हैं। इसके साथ ही जब यह वृक्षों का रूप लेते हैं तो उनसे कई प्रकार के फल और कई तरह की जड़ी-बूटी भी मिलती है। हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वार्डन कल्पना जैन ने बालिकाओं को कहा कि पृथ्वी पर मौजूद पेड़-पौधे पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने का काम करते हैं। इसलिए हमें पर्यावरण को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिए धरा को हराभरा करना होगा। आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने फूल, छायादार पौधा, सजावटी पौधे सहित 30 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वार्डन कल्पना जैन वेदवती शर्मा गायत्री स्वामी सीमा सेन तीजा गुर्जर एवं चौकीदार राजू लाल गुर्जर सहित आवासीय विद्यालय की बालिकाएं मौजूद रही।

## बाजार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** 21 अगस्त को भारत बंद को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने व्यापारियों एवं एसटी-एससी आरक्षण मंच के पदाधिकारियों के साथ उपखंड कार्यालय सभागार में बैठक ली। उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने कहा कि बैठक में व्यापारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मांगों को लेकर चर्चा की। बैठक में बाजार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बंद रखने का निर्णय लिया। बैठक में डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा, तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा सहित कई अधिकारी व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## 25 सूत्री मांगों को लेकर जयपुर में होगी विशाल जागृति रैली, रैली को सफल बनाने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के पदाधिकारी कर रहे है संपर्क



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शिक्षकों की 25 सूत्री मांगों को लेकर जयपुर में 12 सितम्बर को विशाल जागृति रेली का आयोजन किया जाएगा। रैली को सफल बनाने के लिए राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के पदाधिकारी शिक्षक जागृति रेली के माध्यम से शिक्षकों से संपर्क करके अधिक से अधिक संख्या में जयपुर में आयोजित शिक्षक रैली में भाग लेने का आह्वान किया। रैली का जिला मंत्री कन्हैयालाल मीणा व जिला अध्यक्ष धनसिंह राजावत के सानिध्य में स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के संरक्षक सियाराम शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री रमेश दादीच, हनुमान बैरवा, नारायण बैरवा, रमेशचन्द मीणा, शिवरतन माली, रामनरेश मीना, महेंद्रप्रसाद मीना का माला पहनाकर स्वागत किया। जिला मंत्री कन्हैयालाल मीणा व जिला अध्यक्ष धनसिंह राजावत सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक 31 अगस्त-1-2 सितंबर 2024 को केरल के पालक्काड में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक इस वर्ष केरल के पालक्काड में इस माह दिनांक 31 अगस्त एवं 1 तथा 2 सितंबर 2024 को आयोजित हो रही है। तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यत: वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह बैठक सितंबर 2023 में पुणे में संपन्न हुई थी। इस अखिल भारतीय समन्वय बैठक में संघ प्रेरित विविध संगठनों में कार्यरत संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होते हैं। यह सभी संगठन समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के सकारात्मक कार्यों में लोकतांत्रिक पद्धति से सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सक्रिय रहते है। बैठक में विविध संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्य की जानकारी तथा अनुभवों का निवेदन तथा आदान–प्रदान करेंगे। राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य, हाल में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं तथा सामाजिक परिवर्तन के अन्यान्य आयामों पर योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी। सभी संगठन विविध विषयों पर परस्पर सहयोग तथा समन्वय को और अधिक बढ़ाने हेतु आवश्यक उपायों पर भी चर्चा करेंगे। इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में  राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी सहभागी होंगे।

## 11 दिन पहले रखा था नौकर, ले भागा 1.26 लाख

### रेस्टोरेंट में ही सोता था आरोपी, पहले भी काम यहां पर चुका था आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में नौकर रेस्टोरेंट का केश काउंटर तोड़कर सवा लाख रुपए निकाल कर फरार हो गया। आरोपी काम करने के साथ रेस्टोरेंट में ही सोता था। मौका पाकर आरोपी ने रात को वारदात को अंजाम दे डाली। पुलिस के अनुसार फतेहपुर खुर्द निवासी नहनूराम ने मामला दर्ज करवाया कि हॉरिजन टावर में स्थित क्रीम सेंटर रेस्टोरेंट में भरतपुर निवासी राहुल को काम पर रखा था। 18 अगस्त की रात करीब 2 से ढाई बजे के बीच आरोपी रेस्टोरेंट का केश काउंटर तोड़कर 1.26 लाख की नगदी निकाल कर ले गया। घटना का पता सुबह स्टाफ के पहुंचने पर लगा। इस पर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल पप्पू लाल ने बताया कि आरोपी को 7 अगस्त को ही काम पर रखा था। आरोपी इससे पहले भी इसी रेस्टोरेंट में काम कर चुका है। इस कारण रेस्टोरेंट मालिक और स्टाप उसे अच्छे से जानते थे। पूर्व में उसे एक सिक्योरिटी कंपनी के माध्यम से रखा था। इस पर काम पर रखने से पहले उसका वेरिफिकेशन नहीं करवाया था। काम करने के दौरान आरोपी को काफी रात हो जाती थी इस कारण उसे रेस्टोरेंट में ही सोने की छूट दी गई थी। मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी रेस्टोरेंट से सवा लाख रुपए ले गया।

## महिला ने शादी रचाकर युवक से की ठगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में एक महिला ने स्वयं को कुंवारी बता कर शादी कर पति को धोखा दिया। प्यार के जाल में फंसाकर धोखेबाज पत्नी लाखों रुपए के गहने–कैश ऐंठकर पीहर चली गई। तलाक देकर पीछा छोड़ने के साथ ही 5 लाख रुपए की मांग की। पीड़ित पति ने पत्नी और उसके परिवारवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जांच अधिकारी एसआई हबीब खां ने बताया कि जवाहर नगर निवासी 27 वर्षीय युवक ने  मामला दर्ज करवाया कि मई–2022 में एक मैरिज ब्यूरो चलाने वाले व्यक्ति ने 11 हजार रुपए लेकर लड़की का रिश्ता दिखाया था। सवाई माधोपुर निवासी 25 साल की हसीना (बदला हुआ नाम) की फोटो दिखाई। बातचीत होने पर उसके परिवार ने हसीना को कुंवारा बताया। दोनों परिवारों के बीच बिना किसी दहेज के शादी होना तय हुआ। आरोप है कि उसके बाद हसीना मोबाइल पर बात करने लगी। बातों में फंसाकर पैसे ऐंठना शुरू कर दिया। शादी में जरूरत होने की कहकर 4 लाख रुपए उधार दिलवाने के लिए कहा। बातों में आकर हसीना के कहने पर 4 लाख रुपए उसके परिवार को दिलवा दिए। मई–2022 में निकाह के बाद दुल्हन हसीना को लेकर वह अपने घर आ गए। ससुराल आने पर खानदानी सोने–चांदी के गहने और मोबाइल यूज करने के लिए हसीना को दिए गए। आरोप है कि निकाह के कुछ समय तक सब ठीक चलता रहा। बिजनेस के लिए परिवार वालों को हसीना ने 3 लाख रुपए दिलवाने के लिए कहा। विश्वास में आकर सितम्बर–2022 में 3 लाख रुपए दिलवा दिए। उसके बाद ससुराल से दिए सोने–चांदी के गहनों को हसीना ने पीहर जाकर रख दिए। मई–2023 में पीहर जाने पर परिवार वाले धमकाने लगे। पांच लाख रुपए की डिमांड कर तलाक देकर पीछा छोड़ने के लिए धमकाने लगे। पीड़ित पति के मालूम करने पर पता चला कि साल–2019 में हसीना ने घर से भागकर भोपाल में निकाह किया था। झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उससे भी रुपए वसूलकर तलाक ले लिया था। पहले से तलाकशुदा होने के बाद उसे कुंवारा बताकर शादी कर धोखा दिया। दिए गए लाखों रुपए के खानदानी गहने और दिलाए रुपयों को लौटाने की कहने पर धमकी देकर मना कर दिया। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में पीड़ित ने कोर्ट से आदेश करवाकर मामला दर्ज करवाया।

## विस्फोटक (आतिशबाजी) के अस्थाई अनुज्ञा पत्र के लिए आवेदन आमंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** दीपावली के अवसर पर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में विस्फोटक (आतिशबाजी) के अस्थाई अनुज्ञा पत्र पांच अक्टूबर से तीन नवम्बर 2024 तक की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त लाइसेन्सिंग एवं लीगल सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि आवेदकों की ओर से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित पुलिस उपायुक्त के कार्यालय में कार्यदिवस को कार्य समय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि विस्फोटक (आतिशबाजी) अस्थाई अनुज्ञा पत्र के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि आगामी दो सितम्बर निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को प्रस्तावित स्थल का ब्ल्यू प्रिंट मानचित्र की चार प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी। इसमें प्रस्तावित स्थल और आस–पास एवं व्यावसायिक स्थल की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित हो तथा साथ ही पासपोर्ट साईज के चार नवीनतम फोटो, स्थल के स्वामित्व संबंधित दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रति व प्रस्तावित स्थल का स्पष्ट फोटो भी संलग्न करनी होगी। प्रस्तावित स्थल के ऊपर मानव निवास कदापि न हो।

# ईआरसीपी से जोड़ी जाएगी फॉयसागर झील

## विधानसभा अध्यक्ष ने झील पर शुरू किया नया पम्प, शहर को मिलेगा तीन एमएलडी अतिरिक्त पेयजल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की पेयजल समस्या के सम्पूर्ण समाधान के लिए निरंतर संकल्पबद्ध होकर काम किया जा रहा है। सैंकड़ों करोड़ रूपए के कामों की घोषणा बजट में की गई है। राज्य सरकार की ईआरसीपी योजना से अजमेर के फॉयसागर को भी जोड़ा जाएगा। इससे पेयजल की उपलब्धता का स्थायी रूप से समाधान हो जाएगा। इसके साथ ही नई पाइपलाइन और अन्य उपाय भी किए जा रहे है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर में फॉयसागर झील पर उच्च क्षमता के नए पंपों का शुभारम्भ किया। अजमेर शहर की पेयजल व्यवस्था को और गति देने के लिए 66 लाख की लागत से फॉयसागर के पास यह पम्प लगाए गए हैं। इसके तहत 25 एच पी के दो पंप सेट फॉयसागर झील व 30 एच पी के दो पंप सेट आनासागर पम्प हाऊस पर लगाए गए। इससे 15 जोन में पानी की सप्लाई में सुधार होगा । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्प लेकर काम किया जा रहा है। हाल ही राज्य बजट में जिले के लिए कई अहम घोषणाएं की गई हैं। इसके तहत नसीराबाद से अजमेर के नौसर तक नई पाइप लाइन डाली जाएगी। अब तक अंतिम छोर के कारण परेशानी झेलने वाला अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्रा अब सीधा बीसलपुर से जुड़ेगा और अंतिम छोर के कारण होने वाली प्रेशर व कम जलापूर्ति की समस्या समाप्त हो जाएगी। इसके साथ ही अजमेर उत्तर में कोटड़ा, वैशाली एवं लोहागल में तीन बड़े स्टोरेज टैंक भी बनेंगे। पानी के स्टोरेज की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 13 जिलों में पेयजल समस्या के समाधान के लिए ईआरसीपी योजना लागू की गई है। इसमें चंबल व कालीसिंध सहित अन्य नदियों का अतिरिक्त पानी लाया जाएगा। अजमेर को भी योजना से जोड़ा गया है । इस योजना में फॉयसागर को भी जुड़वा दिया है ताकि पेयजल को यहाँ भी स्टोर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना के बाद शहर को जलापूर्ति में किसी तरह की परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रा के सम्पूर्ण विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

काजीपुरा में स्पोर्ट्स कॉलेज खोला जाएगा। अजयसर में लेपर्ड सफारी को मंजूरी दिलाई गई है। चामुंडा माता मंदिर तक रोप वे के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इसी तरह माकड़वाली में आईटी पार्क व यूनिवर्सिटी पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय स्थापित होगा। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य महेंद्र रावत एवं सरपंच लाल सिंह सहित अन्य जनप्रिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

## आठ बीघा भूमि पर अवैध निर्माण ध्वस्त

### अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–9 में वी आई टी रोड़ तारा नगर में कृषि भूमि पर व्यावासायिक प्रयोजनार्थ किये गये अवैध निर्माण ध्वस्त, ग्राम बूडथल में करीब 8 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति के फार्महाउस योजना हेतु किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन–9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वी आई टी रोड़ तारा नगर में क्षेत्रफल करीब 30म19 फिट कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से दुकाननुमा निर्माण किये जाने की शिकायत पर मंगलवार को जोन–9 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जोन–9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बूडथल जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात फार्महाउस योजना हेतु बनाई गई मिट्टी–ग्रेवल सड़कें, व अन्य अवैध निर्माण कर फार्महाउस योजना बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–9 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जेडीए द्वारा जोन–9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बॉम्बे हॉसपिटल के सामने जेडीए पार्क की सरकारी भूमि पर कब्जा–अतिक्रमण कर अवैध रूप से अतिक्रमण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर आज जोन–9 राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया।

### संसदीय कार्य एवं न्याय मंत्री ने डामर सड़क कार्य का किया शिलान्यास

## किसी भी प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का होता है महत्वपूर्ण योगदान : संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा सड़कों के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कार्य कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं प्रबंधन में राज्य में सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, कृषि, पानी, बिजली एवं उद्योग सहित हर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है।

संसदीय कार्य एवं न्याय मंत्री श्री पटेल ने सोमवार को जोधपुर के कटारड़ा से डोली तक मिसिंग लिंक योजना के अंतर्गत डामर सड़क कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीणों की ओर से मंत्री श्री पटेल का साफा और माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण हो जाने के बाद शहर तक आने जाने का मार्ग सुगम हो जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संसदीय कार्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सड़कों से विकास का बड़ा संबंध होता है। प्रदेश के गांवों में नई सड़कें बनने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, रोजगार आदि सुविधाएं मजबूत होंगी। साथ ही, गांवों के नई डामर सड़कों के जोड़ने से किसानों को अपनी फसलों को मंडियों तक पहुंचाना आसान होगा। गांवों से शहरों की दूरी कम होगी और गांवों में उद्योगों का विकास होगा। इसके अलावा नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिवद्ध है द्य ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ एवं बेहतर सड़क मार्ग राज्य सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास में धन की कोई कमी नहीं आने देगी। इससे पूर्व संसदीय कार्य एवं न्याय मंत्री श्री पटेल ने कटारड़ा पहुंच कर नंदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## भादवा मास सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए की विश्राम स्थल व अल्पाहार की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा ( नि.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाँच बत्ती नरैना रोड पर मंगलवार को भादवा मास सेवा समिति की ओर से एक माह के लिए पदयात्रियों के लिए संत श्री 108 रामप्रसाद जी महन्त दादू आश्रम फुलेरा के सानिध्य मे विश्राम स्थल, अल्पाहार व भोजन की व्यवस्था की गई है । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि माली सैनी समाज के अध्यक्ष तेजकरण सैनी व विशिष्ट अतिथि वेदांत आश्रम के महंत सत्यनारायण सैनी थे । जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष शैतान सिंह ने की । व्यवस्थापक मांगीलाल जांगिड़ व मनमोहन सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि भादवा मास समिति की ओर से लगातार 8 वर्षों से पदयात्री श्रद्धालुओं के लिए एक माह तक विश्राम,अल्पाहार,भोजन, पानी की व्यवस्था सुचारू रहेगी । कार्यक्रम में सर्वप्रथम लोक देवता रामदेवजी महाराज व तेजाजी महाराज के छाया चित्र पर माला पहनाकर के दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस मौके पर समिति के मंत्री नंद किशोर शर्मा,उपाध्यक्ष जानकी लाल कुमावत,संरक्षक दीनदयाल सैनी, प्रेमचंद जांगिड़, ओम प्रकाश सैनी,सचिन सैनी, अमरचंद गुर्जर,राम अवतार टांक,नंदलाल मेहरडा,प्रभू प्रजापत,रामपाल कुमावत,नानू सैनी,यादराम जांगिड़,शेषनारायण सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल के सचिव पद पर डॉ. पृथ्वी ने पदभार संभाला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** राज्यपाल के सचिव पद पर मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ.पृथ्वी ने पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनौपचारिक संवाद किया। उन्होंने सभी से प्रतिबद्धता और समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पृथ्वी भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं। अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड सर्जरी (एमबीबीएस) की शिक्षा प्राप्त डॉ. पृथ्वी ने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी यूएसए से स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य नेतृत्व और प्रबंधन में मास्टर्स किया है। वह सार्वजनिक नीति और वरिष्ठ प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। बीकानेर, पाली, प्रतापगढ़ के वह जिला कलक्टर रहे हैं तथा राज्य सरकार में वित्त, जल संसाधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि आदि महत्वपूर्ण विभागों में शासन सचिव पद पर रहते हुए उन्होंने विशिष्ट नवाचार करते हुए महती प्रशासनिक सेवाएं दी है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने जवानों के साथ मनाया रक्षा पर्व

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर में सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र एक में तैनात महिला व पुरुष सिपाहियों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया। उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार से दूर रह रहे ये जवान ही हमारे असली रक्षक हैं। इन्हीं के कारण हम बेफिक्र होकर रहते हैं। हमें इन जवानों पर गर्व हैं।विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी सोमवार को सीआरपीएफ पहुंचे। बड़ी संख्या में महिला सिपाहियों ने उन्हें राखी बाँधी। देवनानी एवं उनके साथ शहर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने जवानों को राखी बाँधी। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर रह कर सदैव देश सेवा में तत्पर रहने वाले ये सिपाही हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। इन्हीं के कारण हम आज निश्चिंत होकर रह पाते हैं। देशवासियों का भी फर्ज है कि इन सिपाहियों का सदा हौसला बढ़ाए। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश हमेशा इन जवानों के साथ खड़ा रहेगा।

इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारियों ने ट्यूब वैल लगाने की मांग की। इस पर श्री देवनानी ने हाथों–हाथ जलदाय विभाग के अफसरों को बुलाकर ट्यूब वैल सीआरपीएफ परिसर में लगाने की घोषणा की।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व , मुख्यमंत्री की कलाई पर बहनों और छात्राओं ने बांधा रक्षासूत्र



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व  भाई–बहन के रिश्ते को मजबूत बनाता है। यह हमें एक–दूसरे के प्रति अपने प्रेम, समर्पण और सुरक्षा के संकल्प की याद दिलाता है। शर्मा सोमवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनों और छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे परिवार और समाज की नींव हैं। बहन जब भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है, तब हर कठिनाई से लड़ने की प्रेरणा मिलती है। शर्मा ने कहा कि वह सदैव बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए तत्पर हैं एवं उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। मुख्यमंत्री आवास पर आई बहनों और छात्राओं ने भावपूर्ण रूप से मुख्यमंत्री श्री शर्मा की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने सभी से स्नेहिल मुलाकात की और रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई दी।

## पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गान्धी को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजली

बढ़ता राजस्थान




**फुलेरा ( नि.स. )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कमेटी द्वारा ईटावा रोड स्थित प्रधान कांग्रेस कार्यालय पर राजीव गान्धी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरचंद सैनी की अध्यक्षता में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने संचार क्रांति के जनक के लिए सद्भावना दिवस के रूप में उनकी जयंती को मनाया गया।

इस अवसर पर महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, मनोज कुलहरी, जाकिर हुसैन, विमल सोनी, ओम प्रकाश स्वामी, प्रेमचंद सैनी, ताराचंद गहनौलिया , बालूराम सूंडा , सतीश नायक, मुकेश सेन , सहित अन्य कार्यकर्ता पर उपस्थित रहे।

# रोडवेज अधिकारियों की लापरवाही के चलते बस स्टेण्ड पर फैली गन्दगी, खटारा बसों को धक्के मारते यात्रीगण

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर का रोडवेज बस स्टेण्ड बुरी तरह से सड़ान्ध मार रहा हैं। इतना ही नहीं जहां खाने पीने की स्टॉले लगी हैं, ठीक उसके सामने भी गन्दे पानी के जमा हो जाने के कारण मक्खी मच्छर आदि उन खाद्य पदार्थो पर बैठते भिनकते नजर आ रहे हैं। रोडवेज प्रशासन ने उस गन्दगी और गन्दे पानी को साफ करवाना उचित नहीं समझा इससे कभी भी हैजा, मलेरिया व अन्य कोई भी बीमारियां यात्रियों को हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त बस स्टेण्ड पर बने शौचालयों की स्थिति भी इतनी बदतर है कि नियमित साफ ना होने के कारण लोग बाहर ही खुले में पेशाब आदि करके चले जाते हैं। इसके अलावा लोगों को खटारा बसों मे भी धक्का देकर बैठना पड़ता हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक ब्यावर बस स्टेण्ड का सफाई का ठेका होने के बावजूद सफाईकर्मी अपने मनमर्जी से सफाई करते नजर आते हैं। इसके अलावा वहां लगी स्टालों पर निर्धारित दरे लगी होने के बावजूद यात्रियों से अतिरिक्त पैसा चार्ज करने की शिकायते मिली हैं। मौके पर उपस्थित यात्रियों ने इस बात की भी शिकायत की है कि खुले में मिलने वाले खाद्य पदार्थो पर इस गन्दगी के आलम को देखते हुए मक्खी, मच्छर उनपर भिनभिनाते रहते है। आवारा पशु आमतौर से घुमते देखे जा सकते हैं। जहां तक शौचालय आदि की सफाई का सवाल है तो वहां तो सड़ान्ध इतना मारता है कि आम आदमी उस शौचालय में शौच करने तक नहीं जाता। महिला शौचालय में भी उससे बदतर हालात हैं। महिलाओं को भी मजबुरीवश बाहर बैठकर शौच आदि करना पडता हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि रोडवेज आगार में कुछ खटारा बसे भी मार्गो पर चलाई जा रही है जिन्हें बस स्टेण्ड से ही धक्का देना पडता हैं। यात्रियों को अपना रस्ता तय करने से पहले उस बस को धक्का देकर चालू की जाती है। तत्पश्चात यात्रियों को बसों में यात्रा करनी पडती हैं।



बस स्टेण्ड पर जमा गन्दे पानी से मच्छरों का आतंक

### इनका कहना है

ब्यावर रोडवेज के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार ने बताया कि सफाई का ठेका हो रखा है और ठेकेदार अपने नियमानुसार दिन में 2 बार सुबह व दोपहर में सफाई करके चला जाता हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह तो पब्लिक सैक्टर है सफाई करने के बाद गन्दगी हो जाती है। इसके अतिरिक्त बस स्टेण्ड पर लगी स्टॉल मालिकों द्वारा निर्धारित दरों से अधिक पैसे मांगने पर पराठा सेन्टर व तिलपट्टी की दुकान वाले का पक्ष लेते हुए कहा कि यह तो कभी भी अतिरिक्त चार्ज नहीं करते। जलपान गृह कैन्टीन द्वारा जरूर सम्भावना है। अतः इसके लिये शिकायत लिखने के बाद ही कार्यवाही की जायेगी।

**निरंजन कुमार**
**मुख्य प्रबंधक ब्यावर रोडवेज**



यात्रा करने से पहले यात्री गाडी को धक्का मारकर चालू करवाते हुए

## दलित वंचित वर्गो के प्रतिनिधियों ने 21 अगस्त के भारत बंद को दलित वंचित विरोधी बताया, बंद का करेंगे बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** सर्व दलित वंचित समाज की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के राज्य बनाम दविंदर सिंह के निर्णय में अनुसूचित जाति व जनजाति के उपवर्गीकरण का समस्त अनुसूचित जाति जनजाति के दलित वंचित वर्ग ने स्वागत ओर धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए माननीय महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन ज़िला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में अनुसूचित जाति में उपवर्गीकरण का स्वागत करते हुए क्रिमीलेयर लागू करने को अस्वीकार किया गया। ज़िलें के सभी दलित वंचित वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुएए आगामी 21 अगस्त के भारत बंद को दलित वंचित विरोधी बताते हुए इसका पूर्णतया बहिष्कार कर बंद से पृथक कर लिया, साथ ही यह भी कहा कि समस्त दलित वंचित वर्ग ज़िलें के व्यापारिक बन्धुओं से अपील करेगा कि वे अपने प्रतिष्ठान खुले रखकर वंचितों के हक़ में आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करें। इससे दूर दराज से आने वाले आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

मंगलवार शाम को दलित वंचित वर्ग के सांसी एवं वाल्मीकि समाज के युवाओं ने शहर के मुख्य बाजार में आतिशबाज़ी एवं मिठाई वितरण कर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर हर्ष व्यक्त कर आभार जताया। ज्ञापन देकर आतिशबाजी करने वाले दलित वंचित वर्ग के लोगों में पूर्व सभापति गोविन्द पंडित, अर्जुन पटवारी, पीटीआई नैनी नारावत, गजानंद, हरीश गुजराती, प्रभाकर भारती, गोपाल गोयर, मुकेश गोयर, एडवोकेट जीवराज जावा, एडवोकेट किशन चावरिया, एडवोकेट मुकेश लक्खन, पूर्व पार्षद रविंद्र जॉय, पूर्व पार्षद चेतन गोयर, डॉ अभिषेक गुजराती, अनिल पंडित, विश्वास गुजराती, गोविन्द घांवरी, अरुण लक्खन, मुंशी रूपाराम बारेशा, ट्रेड यूनियन नेता अशोक पंडित व ब्रजराज डुलगच इत्यादि सैकड़ो लोगो ने बैठक व रैली में भाग लेकर बंद का बहिष्कार किया।



# मुआवजे संबंधी लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर शीघ्र करें निस्तारण : जिला कलक्टर

## नार्दन बाइपास फेज 2 के तहत अब तक 64 करोड़ 33 लाख का मुआवजा जारी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** तालेड़ा उपखंड क्षेत्र में निर्माणाधीन नार्दन बाईपास फेज-2 के तहत मुआवजा राशि वितरण की स्थिति, अवाप्त भूमि का कब्जा लेने आदि की मंगलवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बैठक लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जो खसरे छूट गए थे तथा जिनकी अवाप्ति नहीं हुई है उन खसरों की लगभग साढ़े पांच हेक्टेयर जमीन अवाप्त से रहित है, इस संबंध में कार्यवाही कर मुआवजे का निर्धारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नवीन भूमि अधिग्रहण की सभी कार्यवाही शीघ्र की जाए। उन्होंने बताया कि कुल मुआजवा राशि 78 करोड़ में से 64.33 करोड़ का मुआवजा जारी किया जा चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि शेष मुआवजे के लिए कार्यवाही कर शत प्रतिशत निपटारा सुनिश्चित किया जावे। उन्होंने नार्दन बाइपास में अधिग्रहित जमीन के सभी खसरों की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि मुआवजे की सूची त्रुटि रहित हो और लंबित प्रकरणों की सुनवाई कर इनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिला कलक्टर ने तालेड़ा उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिए कि अवाप्तशुदा भूमि का कब्जा सार्वजनिक निर्माण एनएच को कार्यक्रम बनाकर हस्तांतरित करना सुनिश्चित किया जए। अवाप्तशुदा भूमि जिनका मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ, उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। बैठक में एनएच (पीडब्ल्यूडी) के अधीक्षण अभियंता वीके जैन ने बताया कि अवाप्ति की गई जमीन में से अब तक कुल 13 किलोमीटर में से लगभग 6.5 किलोमीटर का कब्जा प्राप्त कर लिया है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली, उपखण्ड अधिकारी तालेडा एचडी सिंह, अधीक्षण अभियंता एनएचआई वीके जैन तथा संबंधित क्षेत्रों के पटवारी मौजूद रहे।



## कानून व्यवस्था नहीं हो प्रभावित, शांतिपूर्ण ढंग से रखें अपनी बात : सत्यानी

### जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी एवं जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने 21 अप्रैल बुधवार को प्रस्तावित भारत बंद रैली को लेकर बंद समर्थक संगठन एवं विभिन्न व्यापार संगठन प्रतिनिधियों से किया विचार-विमर्श

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** एससी-एसटी आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज की ओर से बुधवार 21 अप्रैल को प्रस्तावित भारत बंद के संबंध में मंगलवार को जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी एवं पुलिस अधीक्षक जय यादव ने आईटी सेंटर सभागार में बंद से जुड़े विभिन्न संगठनों, व्यापार संगठनों, बस यूनियन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया तथा बंद के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुरोध किया। बंद समर्थक संगठनों से चर्चा करते हुए जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि बंद से जुड़ी मांगें स्थानीय स्तर से जुड़ी हुई नहीं है, इसलिए भी यह प्रयास रहना चाहिए कि स्थानीय आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा जिले के शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित नहीं हो। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समन्वय के लिहाज से चूरू एक मिसाल रहा है। एक अप्रिय घटना से जिले के छवि को जो कलंक लगता है, वह लंबे समय तक मिट नहीं पाता है। इसलिए यही कोशिश रहनी चाहिए कि शांति, अहिंसा के साथ लोकतांत्रिक ढंग से बात रखी जाए। इस दौरान एंबुलैंस, हॉस्पीटल आदि आवश्यक सेवाएं प्रभावित नहीं हो। बंद के दौरान ऐसा कोई भी गाना, भाषण आदि नहीं बजाएं, जिससे समाज के अन्य वर्गों में किसी प्रकार का विद्वेष उत्पन्न हो।

जिला कलक्टर ने आमजन से भी अनुरोध किया कि किसी प्रकार की अफवाह के शिकार नहीं हो, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री शेयर, फॉरवर्ड और पोस्ट नहीं करें। अपुष्ट सूचनाओं के प्रचार-प्रसार से बचें और किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री पाए जाने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस व प्रशासन को दें। यदि सोशल मीडिया पर कोई अवांछित टिप्पणी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिला कलक्टर ने डीटीओ, रोडवेज निगम प्रतिनिधियों तथा प्राइवेट बस यूनियन प्रतिनिधियों से कहा कि यात्रियों को संभावित परेशानियों से बचाने के लिए आवश्यक इंतजाम करें तथा यह सुनिश्चित करें कि रैली के रूट में बसों का परिवहन नहीं हो। उन्होंने रैली समाप्त होने तक शराब की दुकानें बंद रखी जाने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिए। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया कि बंद के दौरान उनके समर्थकों की ओर से किसी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति पैदा नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान एडीएम उत्तम सिंह, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ निरंजन चिरानियां, पूर्व पार्षद सीताराम खटीक, बजरंग लाल बजाड़, गजानंद खेड़ीवाल, घनश्याम अलवरिया, पार्षद विनोद खटीक, अशोक पंवार, किशन लाल गहनोलिया, प्राइवेट बस यूनियन प्रतिनिधि रणवीर सिंह कस्वां, व्यापार संघ के सुनील भाऊवाला, खाद्य व्यापार संघ के कैलाश कुमार, सब्जी मंडी यूनियन के दौलत राम, एडीपीआर कुमार अजय, डीटीओ ओमसिंह शेखावत, जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीनारायण, आरएसआरटीसी के चंद्रप्रकाश एवं विकास भट्ट, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मनीराम दनेवा, सुरेंद्र दुगावा आदि मौजूद रहे।



## तहसीलदार को सामूहिक अवकाश का प्राथर्ना पत्र दिया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** ब्यावर तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों मे से कुछ अनुसूचित जाति व जनजाति के कुछ कर्मचारियों ने तहसीलदार लालाराम यादव को सामूहिक अवकाश का प्रार्थना पत्र देकर बुधवार 21 अगस्त को भारत बंद के तहत राजस्थान बंद को समर्थन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करना चाहिये। लेकिन तहसील कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि बन्द को लेकर पुरे भारत, राजस्थान स्वत: ही बन्द हो रहा हैं तो ऐसे में कर्मचारियों को प्रशासन का समर्थन करना चाहिये।



## घरों का डोर टू डोर किया सर्वे

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कोटा जिले में डोर टू डोर सर्वे किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि 722 टीमों द्वारा 12163 घरों का डोर टू डोर सर्वे किया गया। अभियान में मच्छर जनित विभिन्न मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की जा रही है। घरों के कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की गई। इस दौरान लार्वा मिलने पर 22 को नोटिस दिए गए। इस दौरान 166 की ब्लड स्लाईड भी बनाई गई। टीमों ने सर्वे के दौरान कूलर, टंकी आदि जल पात्रों मे लार्वा रोधी टेमीफॉस, विभिन्न जल भराव वाले स्थानों पर एमएलओ भी डाला और आमजन को जागरूक करते हुये पम्पलेट वितरित किए एवं पोस्टर, स्टीकर चस्पा किए। लार्वा मिलने पर कुछ कंटेनरों को उपचारित किया तो कुछ को खाली कराया। 66 कमरों में पायरेथ्रम का छिड़काव भी किया गया।

## ब्यावर बन्द के दौरान आवश्यक सेवायें जारी रहेंगी, कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गत 1 अगस्त 2024 को पारीत आदेश के विरोध में 21 अगस्त 2024 को भारत बन्द करने के आव्हान पर स्थानीय सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी ब्यावर को बंद रखने की अपील की हैं। हालांकि कुछ लोगों ने इसका विरोध किया हैं। लेकिन जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक ने सामूहिक बैठक कर बंद के विरोध करने वाले लोगों को चेताते हुए कहा कि वह किसी भी तरह से कानून हाथ मे ना ले। उन्होंने स्पष्ट कहा आपस में टकराने की स्थिति में कानून व्यवस्था को कतई बिगडने नहीं दिया जायेगा। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी दोनो ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर स्पष्ट किया है कि कुछ सामाजिक संगठनों ने 21 अगस्त को बंद का समर्थन देने को कहा हैं। इस बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं को जिनमें हॉस्पिटल, एम्बूलेन्स, विद्यालय में हो रही परीक्षाये व पेट्रोल पंप आदि को खुला रखा गया हैं। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चोधरी ने बताया कि बंद के दौरान सभी स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। ड्रोन के द्वारा फोटोग्राफी करायी जायेगी और ऐहतियात के तौर पर अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात किया जायेगा। बंद के दौरान किसी ने भी कोई अप्रिय घटना को अंजाम देने का प्रयास किया तो उसे कतई बख्शा नहीं जायेगा।

## घर के बाहर खेल रहे बारह वर्षीय बच्चे का अपहरण कर ले गए कार सवार बदमाश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)।सांगानेर सदर थाना इलाके में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया ,जब कार सवार चार बदमाशों द्वारा घर के बाहर खेल रहे एक बारह वर्षीय बच्चे का अपहरण कर ले गए। अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई। पुलिस अपहरण हुए बच्चे को ढूंढने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि सांगानेर सदर के कुमारिया वास रहने वाले बारह वर्षीय बच्चा दिलखुश मीणा का अपहरण हुआ है,जो कक्षा छह में पढता है और उसके पिता रामलाल मीणा रेलवे में कार्यरत है। मंगलवार शाम को साढ़े चार बजे बच्चा घर के बाहर साइकिल चला रहा था। इस दौरान स्विफ्ट कार में आए चार बदमाश घर के बाहर खेल रहे बच्चे को जबरन उठा ले गए।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर ने शहर में कानून व्यवस्था एवं शांति के संबंध में जारी की एडवाइजरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों के आरक्षण को लेकर दिए गए निर्णय के विरोध में बुधवार को आह्वान किये जा रहे भारत बंद के मद्देनजर जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार बंद शांतिपूर्वक रहे व कानून व्यवस्था एवं नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाए। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

बंद के दौरान किसी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं रहें। शहर में शांति, कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखें।

सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें। किसी भी प्रकार की भ्रामक बातें एवं अपवाह न फैले एवं अफवाहों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

पुलिस नियंत्रण कक्ष पर कानून व्यवस्था संबंधी जानकारी समय समय पर अपडेट करें एवं थाना क्षेत्रों पर सूचना तंत्र सक्रिय कर नजर रखें।राजकीय,सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को किसी प्रकार का नुकसान न हो। शांति पूर्वक मार्च में असामाजिक एवं शरारती तत्वों से सावधानी बरतें।

## एसपी और एसडीएम ने कोतवाली थाने में सीएलजी सदस्यों की बुलाई बैठक

# भारत बंद का आह्वान, संघर्ष समिति ने की बंद को लेकर तैयारी

# व्यापारिक प्रतिष्ठान और अग्रवाल समाज से बंद में सहयोग की अपील

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी (राजू शर्मा)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए एससी-एसटी आरक्षण में विभाजन के निर्देश और राय के बाद लगातार विरोध होता दिख रहा है। ऐसे में एससी-एसटी आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा 21 अगस्त बुधवार को संपूर्ण भारत बंद का आव्हान किया गया है। उक्त आव्हान के तहत संघर्ष समिति के धौलपुर जिला अध्यक्ष सरपंच किशन सिंह मीणा द्वारा लगातार जिले के अलग-अलग शहरों में जाकर संघर्ष समिति का गठन किया है और समिति के पदाधिकारी को बंद को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी है।

मंगलवार को शहर के अंबेडकर पार्क में संघर्ष समिति के पदाधिकारीयो की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष किशन सिंह मीणा ने सभी पदाधिकारियों से बंद को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श और चर्चा की और शहर के लोगों से बंद में सहयोग की अपील की गई। जिला अध्यक्ष किशन सिंह मीणा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले का एसटी-एससी संवर्ग में विरोध है। आरक्षण में विभाजन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। विरोध में बुधवार का भारत बंद रखा गया है। जिसमें बाड़ी शहर में बंद को सफल बनाने के लिए पालिका अध्यक्ष होतम सिंह जाटव, पार्षद राजवीर सिंह, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामकुमार मीणा, जसवंत सिंह, जेपी रावत, मानसिंह सहित तमाम पदाधिकारीयो को जिम्मेदारी दी है। सुबह 10 बजे महाराणा पर खेल मैदान पर सभी लोग एकत्रित होंगे। जहां से जुलूस के रूप में मुख्य बाजार में होते हुए शहर के एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे। जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

**बंद को सफल बनाने के लिए अग्रवाल समाज और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से संपर्क :** पार्षद राजवीर सिंह ने बताया कि बंद को सफल बनाने के लिए शहर के आमजन से जहां अपील की है। वहीं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग से संपर्क कर बंद में सहयोग की अपील की है। वहीं शहर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों और संगठनों के पदाधिकारी से भी संपर्क किया जा रहा है और सभी से सहयोग मांगा गया है।

**प्रशासन की हर गतिविधि पर नजर, तैनात रहेगा पुलिस का जाप्ता :** वही दूसरी ओर भारत बंद के आव्हान को लेकर प्रशासन द्वारा संघर्ष समिति के हर मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां ने बताया कि प्रशासन द्वारा हर एतिहात बरती जा रही है। शहर के विभिन्न चौराहो और मुख्य स्थान पर पुलिस का जाप्ता तैनात रहेगा। वही मोबाइल पुलिस की गाड़ियां भी ग्रस्त करेगी। बंद समर्थकों को यह हिदायत दी गई है कि वे किसी प्रकार से कानून व्यवस्था को प्रभावित न करें।

### एसपी और एसडीएम ने ली सीएलजी सदस्यों की बैठक

दूसरी और भारत बंद को देखते हुए धौलपुर एसपी सुमित महरेड़ा और बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा, एडिशन एसपी, बाड़ी सीओ बाड़ी एसएचओ शिव लहरी मीणा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बाड़ी शहर के कोतवाली थाने में सीएलजी सदस्यों और संघर्ष समिति के कुछ पदाधिकारियों की एक बैठक ली। सभी से शांति बनाये रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सीएलजी सदस्यों से आग्रह किया गया की वे किसी भी मामले की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को अवगत कराये। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक और सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन ने संगठनों के साथ की बैठक : शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील, अनिवार्य सेवाएं रहेगी सुचारू

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** सर्व अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में 21 अगस्त बुधवार को सोशल मीडिया पर भारत बंद का ऐलान किया गया है। इसको देखते हुए मंगलवार को जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी के साथ कोटपूतली कलेक्ट्रेट ऑफिस के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी वंदिता राणा ने बैठक में मौजूद सभी संगठनों के पदाधिकारियों से अपील की है कि सभी सामाजिक संगठन और व्यापारिक संगठन एक दूसरे का सहयोग करते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहें हैं न फैलाई जाए और शांति व्यवस्था बनाए रखें।

**एससी एसटी वर्ग के पदाधिकारियों ने दिया आश्वासन :** एससी एसटी वर्ग के पदाधिकारियों ने बैठक में कहा कि 21 अगस्त को आंदोलन के दौरान आंदोलनकारी किसी भी तरह का उपद्रव नहीं करेंगे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था जिस तरह से पहले की तरह कायम है उसी तरह से कायम रखी जाएगी। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों से अपील की है कि 21 अगस्त को कोटपूतली-बहरोड़ बंद के दौरान सभी उनका सहयोग करें।

**कलेक्टर, एसपी ने संगठनों से शांति की अपील की :** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और एसपी वंदिता राणा ने कहा कि बंद के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे तथा एससी-एसटी संघ के पदाधिकारी रैली में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को पूर्व समझाइश करते हुए आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कहा कि पदाधिकारी युवा वर्ग पर विशेष ध्यान देते हुए आज ही उनकी काउंसलिंग कर ले। पदाधिकारीयों ने बताया कि रैली के दौरान संपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी करवाने के साथ ही तय कार्यक्रम तथा रूट चार्ट के अनुसार ही रैली निकालने का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने सभी संगठनों से अपील की है कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आंदोलन के दौरान कोई भी संगठन अशांति न फैलाएं और एक दूसरे का सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के लिए आमजन से सहयोग की अपील की है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगाड़ेगा है तो उसके खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अनिवार्य सेवाएं रहेगी सुचारू :** पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि बंद के दौरान जरूरी अनिवार्य सेवाएं जैसे एम्बुलेंस सेवाएं, अस्पताल दवाइयां, दूध, सब्जी जैसी अनिवार्य सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहेगी। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर, एएसपी नेम सिंह तथा शालिनी राज, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव, कोटपूतली उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी उप अधीक्षक राजेंद्र वर्धक तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित एससी एसटी संघ के पदाधिकारी तथा जिले से आए हुए व्यापार मंडल के प्रतिनिधि सम्मिलित थे।

# खण्डे की अथाई पर अखंड भारत निर्माण को लेकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

## हिन्दू जागरण मंच के आव्हान पर मोहल्ला कमेटी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर, (राजू शर्मा)।** शहर के कायस्थ पाड़ा और हथियापोर मोहल्ले के बीच स्थित खंडे की अथाई पर सोमवार की शाम सुंदरकांड पाठ का सामूहिक आयोजन हुआ। हिंदू जागरण मंच के आव्हान पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान अखंड भारत निर्माण का संकल्प लेते हुए झांकी सजाई गई और सभी लोगों ने भगवान जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया।

खंडे की अथाई विकास समिति के संयोजक संजीव शर्मा ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा को अथाई पर यह विशेष आयोजन होता है। इस बार सावन मास की पूर्णिमा पर इस विशेष आयोजन में शहर के धर्म प्रेमियों ने भाग लिया और हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर के आव्हान पर हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी भी सामूहिक पाठ में मौजूद रहे। सबसे पहले भारत माता की जयकारे लगाते हुए अखंड भारत निर्माण का संकल्प सभी लोगों द्वारा लिया गया। इस दौरान अखंड भारत का नक्शा बनाते हुए झांकी भी सजाई गई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ के लिए आए विभिन्न कलाकारों द्वारा सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड किया गया और पाठ के समापन पर भगवान श्रीराम की आरती के साथ भोग-प्रसादी का वितरण किया गया।

हिंदू जागरण मंच की जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने बताया कि संगठन का उद्देश्य है कि हिंदुओं को जागृत किया जाए और उन्हें एकता के सूत्र मे पिरोया जाए। इसी को लेकर शहर सहित जिलेभर में संगठन लगातार प्रयास कर रहा है और मोहल्ले में जाकर मोहल्ला विकास समितियां का गठन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ शिवदयाल शर्मा, दुर्गा वाहिनी की संध्या शर्मा, खंडे की अथाई विकास समिति के मधुसूदन पचौरी, शिवकुमार शुक्ला, दुर्गा प्रसाद शर्मा, धीरज सोनी, हेमंत पाराशर, नरेश पचोरी, चेतन प्रकाश गुलपारिया, अशोक विधोलिया, प्रदीप गोंड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अलवर शिक्षा प्रमुख सी.डी.ई.ओ द्वारा नारी शक्ति को मिली बधाई

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को मुख्य जिला शिक्षा कार्यालय अलवर में सीडीईओ सोनू कुमारी आईएएस के सम्मुख 15 अगस्त पर सम्मानित यशोदा मठपाल व्याख्याता शारीरिक शिक्षा व बास्केटबॉल राष्ट्रीय कोच डॉ दीपिका अरोड़ा ने उपस्थित होकर पुरस्कार को विभाग को समर्पित किया। इस अवसर पर अलवर शिक्षा प्रमुख सोनू कुमारी (प्रशिक्षुआईएएस) ने नारी शक्ति को और सशक्त करने में सहयोग देने के लिए कहा एवं दोनों सम्मानित शारीरिक शिक्षकों को बधाई दी ।

**इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष अरुण जोशी :** जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय नेकीराम, व प्रशासनिक अधिकारी तेज कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बास्केटबॉल राष्ट्रीय कोच डॉ दीपिका अरोड़ा ने खेलों के माध्यम से बालिकाओं के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकल्प बनाए हैं इसके कारण महिलाओं में खेल के प्रति काफी जागरुकता बड़ी है एक उत्कृष्ट क्रीड़ा अधिकारी के रूप में डॉक्टर दीपिका अरोड़ा को जाना जाता है । इस बार स्वतंत्रता दिवस पर प्रशासन द्वारा उनका सम्मान शिक्षा विभाग का गौरव बना । डॉक्टर दीपिका अरोड़ा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि छात्राओं के सुनहरे भविष्य और खेल जगत से छात्रों को जोड़कर उनके उत्थान के लिए जीवन भर समर्पण रहेगा। मेरे सम्मान के लिए मैं शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों का सम्मान करती हूं और उनका आभार प्रकट करती हूँ।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक, पूर्व पीएम राजीव गांधी के साथ पूर्व चेयरमैन को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जयंती दिवस समारोह का आयोजन किया गया साथ ही स्वतंत्रता सेनानी रहे नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय भगवानस्वरूप भारद्वाज की भी जयंती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की सभी वक्ताओं ने महान विभूतियों के विचारों पर चलने का आवाहन किया। वक्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी को सूचना क्रांति का जनक बताया और कहा की उन्होंने युवाओं को 18 साल की उम्र में वोट का अधिकार दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना ने की वही मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज रहे। विशिष्ट अतिथि लाखन सिंह यादव, हरि सिंह पहाड़िया ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी रामअवतार शर्मा ने किया। इस दौरान सेवादल जिला महासचिव रोशनी शिवहरे, ब्लॉक संगठन महासचिव अनिल अरेला, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, जिला सेवादल के उपाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, ब्लॉक संगठन मंत्री राजकुमार कंसाना, एनएसयूआई के ध्रुव शुक्ला, गजेंद्र गोस्वामी, केशव मीणा, पंकज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सावन के अंतिम सोमवार को सजी कमलेश्वर मंदिर पर भोले की बर्फानी झांकी

## मंगलवार से शुरू हुआ भाद्र मास, रहेगा मेलो का जोर, पार के मेले से होगी शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (नि.स.)।** सावन मास के अंतिम सोमवार को बाड़ी शहर में भोले के मंदिरों पर विशेष सजावट और विशेष कार्यक्रम देखने को मिले। सबसे मनोहरी कार्यक्रम शहर के कोतवाली थाने के पास स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर पर देखने को मिला। जहां भक्तों द्वारा भोले की बर्फानी झांकी सजाई गई। इस दौरान झांकी को देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह आयोजन सोमवार की शाम 7 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक अनवरत जारी रहा। कमलेश्वर महादेव मंदिर के ट्रस्ट पदाधिकारी बच्चू सिंह यादव ने बताया कि महादेव की विशेष पूजा वैसे तो हर दिन मंदिर पर देखने को मिली लेकिन सावन के अंतिम सोमवार को यहां भोले की बर्फानी झांकी सजाई गई। भक्तों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। ऐसे में सुबह से ही विशेष तैयारी की गई। मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई और भोले के मंदिर को रंग बिरंगी बर्फ की सल्लियॉ से बर्फानी झांकी के रूप में सजाया गया साथ में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार हुआ।

**सजी बर्फानी झांकी, शहर वासियों ने किये दर्शन :** कमलेश्वर महादेव मंदिर पर बर्फानी झांकी को देखने के लिए शहर के लोग उमड़ पड़े। महिला पुरुष और बच्चों ने इस दौरान भोलेनाथ की शाम की आरती में भी भाग लिया। इस दौरान प्रसादी भी वितरित की गई और भोलेनाथ के जयकार लगाते हुए रात्रि जागरण किया गया। कमलेश्वर महादेव मंदिर के साथ यह विशेष आयोजन बालेश्वर महादेव मंदिर, रामेश्वर महादेव मंदिर, पाताली बाबा महादेव मंदिर, मनोहर महादेव के साथ बरखण्डी महादेव मंदिर पर भी हुआ।

**भाद्र मास, कृष्ण जन्म के साथ चलेगा मेलों का दौरा :** मंगलवार से भाद्र मास शुरू हो गया है इस महीने शहर के आसपास के क्षेत्र में मेलों के दौर चलेंगे। सबसे पहले कृष्ण पक्ष प्रथम शुक्रवार 23 अगस्त को तालाबशाही पर स्थित पार के बाबा की विशेष जात लगेगी। इसके बाद सोमवार अष्टमी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 27 अगस्त नवमी को क्षेत्र के लोक देवता बाबा विशिनगिर का वार्षिक लक्खी मेला लगेगा। इसके बाद 5 सितंबर भाद्र मास शुक्ल पक्ष दूज को डांग के बाबू पर लक्खी मेला भरेगा। 9 सितंबर छठवीं को तुलसीवन में बागों का मेला भरेगा।

# त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** रक्षाबंधन के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार विगत 16 अगस्त से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर रक्षाबंधन के त्यौहार पर भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही करते हुए राजाखेड़ा से तीन नमूने धनिए, सूजी एवं बुरा के, मनिया से घेवर एवं बर्फी के नमूने, धौलपुर से बेसन एवं सूजी के नमूने लिए। इसके अतिरिक्त राजाखेड़ा के डिडवार गांव से राम भरोसी खोवा प्लांट से मिश्रित दूध, मावा, क्रीम और घी के नमूने लिए गए हैं। लिए गए नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# भारत बंद के संबंध में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, (नि.स.)।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण के संबंध में दिये गये निर्णय के विरूद्ध 21 अगस्त 2024 को इन वर्गों के द्वारा सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से भारत बंद के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उक्त आह्वान को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु मंगलवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने शांति समिति के सदस्यों को बताया कि जिला प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण तैयार एवं मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोग यह सुनिश्चित करें कि विरोध के दौरान किसी भी प्रकार के हिंसात्मक उपायों का प्रयोग न होने पाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा आंदोलन की आड़ में तोड़फोड़ और हिंसा जैसी घटनाओं को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई बात रखनी है तो वह शांतिपूर्ण तरीके से रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों से सावधान रहें।

आपसी सौहार्द प्रेम भाईचारा बना रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। बैठक में उपखंडाधिकारी डॉ साधना शर्मा, तहसीलदार धर्म सिंह, जिले की शांति समिति के सदस्य, सर्व समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# कोलकाता महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य कांड को लेकर किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को ऑर्गेनाइज़ेशन ऑफ़ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेज़ेंटेटिव ऑफ़ इंडिया अलवर यूनिट एवं ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं आईएमए अलवर के संयुक्त तत्वावधान में कलकत्ता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में हुए जघन्य बलात्कार एवं मर्डर के लिये रोष व्यक्त करने के लिए शांति मार्च का आयोजन लखंडवाला कुआँ से शहीद स्मारक तक किया गया। इस शांति मार्च में महिला सुरक्षा के लिए कठोर से कठोर क़ानून के लिये माँगे रखी गई तथा शहिद स्मारक पर ईएसआईएस मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक भी किया गया साथ ही आईएमए अलवर एवं OMSRI अलवर यूनिट द्वारा कलकत्ता सरकार और आर जी कर मेडिकल कॉलेज के संवेदनहीनतापूर्ण रवैये की कठोर शब्दों में निंदा की और केंद्र सरकार से सीबीआई जाँच की माँग एवं अपराधियों को मृत्युदंड की माँग की. इस मौके पर आई एम ए अलवर के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल , ईएसआईएस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ असीम दास, डॉ देविका , डॉ कुल्दिमट्टी , डॉ लीना वाधवा ने उद्धबोधन द्वारा अपना संदेश दिया।

# क्लोरीन गैस रिसाव से मचा हड़कंप, रेस्क्यू टीम ने पहुँच किया कंट्रोल, ऐतियात के तौर पर बस्ती खाली करवाई

## एक बार फिर से हुआ रिसाव, दहशत के साये में रहा निम्बाहेडा कस्बा

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेडा/चित्तौड़गढ़ ( प्रकाश खत्री )।** जिले के निम्बाहेडा उपखंड क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट में लगे क्लोरीन गैस सिलेंडर से रिसाव हो जाने के कारण क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने गैस से प्रभावित होने की सम्भावनाओ को देखते हुए क्षेत्र के करीब 5 सौ मीटर का क्षेत्र खाली करवा दिया। गैस रिसाव के कारण प्रभावित लोगों को स्वास्थ से सम्बंधित समस्याओं का सामना करना पड़ा। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड कंपनी की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुँच कर गैस रिसाव पर नियंत्रण किया। लेकिन थोड़ी ही देर बाद फिर से गैस रिसाव की सूचना मिलने लगी। प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्लांट में कार्य कर रहे कार्मिकों को ऐतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार निम्बाहेडा उपखंड क्षेत्र के कासोद गांव के समीप संचालित हो रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सवेरे करीब दस बजे प्लांट में रखे क्लोरीन गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस रिसाव के कारण क्षेत्र में गैस हवा में मिलकर आसपास के वातावरण में छाने लग गई। वहाँ के निवासियों की आँखों मे जलन होने के साथ ही सिर दर्द की शिकायत मिलने लगी । गैस रिसाव



की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया । सूचना पर उपखंड अधिकारी विकास पंचोली सहित नगर पालिका एवं पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुँच गए। प्रशासन ने ऐतियात के तौर पर सीवरेज प्लांट के आसपास का करीब पाँच सौ मीटर तक का क्षेत्र खाली करवा दिया। साथ ही प्लांट पर कार्यरत करीब एक दर्जन कार्मिकों को निम्बाहेडा के अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

### हिंदुस्तान जिंक से पहुँची रेस्क्यू टीम

जानकारी के अनुसार निम्बाहेडा क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों से भी बचाव दल मौके पर पहुँचे और पानी का छिड़काव कर स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की। लेकिन सफलता नही मिलने पर हिंदुस्तान जिंक कम्पनी को सूचना दी गई। सूचना पर हिंदुस्तान जिंक कम्पनी के रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुँच कर गैस रिसाव पर काबू पाया। इसके बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

### फिर से गैस रिसाव

प्लांट से एक बार फिर से गैस रिसाव की सूचना मिलने पर हिंदुस्तान जिंक की टीम को वापस बुलाया गया।गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई। हवा के रूख के कारण प्लांट से कासोद गांव के नगर पालिका के फायर कर्मचारीयों को सांस लेने की दिक्कत के कारण निम्बाहेड़ा हॉस्पिटल मे ऑक्सीजन पर रखा गया, जिस-जिस जगह पर गैस गई वहा पर लोगो को सांस लेने की दिक्कत आई । बड़ोली माधोसिंह रोड स्थित राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के बच्चों को उलटी व जी मिचलाने की शिकायत हुई। जिला कलेक्टर आलोक रंजन और जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी कच्ची बस्ती क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से हुए गैस रिसाव का मौका निरीक्षण करने पहुंचे ।



### इनका कहना है

सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट से गैस रिसाव की सूचना पर प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवा दिया गया। अब सब कुछ नियंत्रण में है।

**विकासपंचोली**
**उपखण्ड अधिकारी, निम्बाहेडा**

' क्लोरीन गैस से जी मचलाना , सिर दर्द , आखों में जलन के साथ ही फेफड़ों में खराबी भी हो सकती है। '

**डॉ संजय पारीक**
**चिकित्सा अधिकारी**

---

## जयंती पर गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन

# स्व.राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक एवं आधुनिक भारत के निर्माता थे : रविन्द्र त्यागी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 80 वीं जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को प्रात: 10.15 बजे राजीव गांधी नगर स्थित आईएल चौराहे पर रवींद्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए त्यागी ने कहा कि स्व. गांधी सबसे कम उम्र में देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने आधुनिक भारत का निर्माण कर देश को नई दिशा दी। उनके अथक प्रयास से देश में मोबाइल, कम्प्यूटर, नई संचार क्रांति का उदय हुआ। देश व पूरे विश्व में अमन शांति के उन्होंने सार्थक प्रयास किये। उन्होंने देश में इंफॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी की नीव रखी। जिससे युवाओ को रोजगार की नई दिशा मिली। उन्होंने कहा गांधी ने देश में पंचायत राज के लिए विशेष प्रयास किये जिससे पचायतो में अधिकार मिले गांवो का विकास हुआ।

पूर्व विधायक करणसिंह राठौड़ ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहते जनमत पर भरोसा करते हुए राजीव ने पुन: लोकसभा के चुनाव कराए जनता ने इंदिरा गांधी शहादत को 425 सीटे देकर अपना पूर्ण विश्वास कांग्रेस पार्टी पर जताया और उन्हें श्रंद्धांजलि देकर राजीव गांधी को अपना प्रधानमंत्री बनाया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा स्व. गांधी ने देश हित साहसिक निर्णय लेकर देश को नई दिशा दी।

लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू ने कहा कि गांघी ने देश मे अमन शांति के लिए अपने प्राणो की आहूति दी। कांग्रेस नेता डॉ विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी को प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल, पूर्व प्रदेश सचिव शिवकांत नंदवाना, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, पीसीसी सदस्य डॉ जफर मोहम्मद, उपमहापौर पवन मीणा ने संबोधित किया।

गोष्ठी में सं महासचिव राधेश्याम वर्मा, रामेश्वर सुवालका, हिमांशू शर्मा, संजय यादव, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी वीरवारल, पं लालचंद शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, इशरार मोहम्मद, मंजू चौधरी, पूर्व सहवरित पार्षद दिनेश खटीक,विनोद पारेता आदि मौजूद रहे।

---

# प्रस्तावित भारत बंद के दौरान आमजन को नहीं हो परेशानी : जिला कलक्टर अक्षय गोदारा

## आवश्यक सेवाएं रहेंगी बंद से मुक्त, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व आयोजकों की ली जिला कलक्टर ने बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** भारत बंद के दौरान जिले में कानून व्यवस्था, शांति व यातायात की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने व्यापार मंडल व बंद आयोजकों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बैठक में जिला कलक्टर ने बंद के दौरान कानून व्यवस्था, शांति व यातायात की सुचारू व्यवस्था के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए 7 साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखें, अफवाह फैलाने और भड़काने वाली पोस्ट डालने, शेयर करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करें तथा गलत तथ्य का सोशल मीडिया एवं प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खंडन जारी किया जाए। बंद के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। आयोजक निर्धारित रूट के अनुसार ही रैली का आयोजन करें। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि बंद के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त बंदोबस्त रखे जाएं और कानून व्यवस्था बनाये रखे। अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कडी कार्यवाही हो। स्कूल, अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन, डेयरी, मेडिकल स्टोर सहित अन्य आवश्यक सेवाएं बंद से मुक्त रहेगी। जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तावित भारत बंद के आह्वान के संबंध में शांतिपूर्ण तरीके से अपना पक्ष रखने के लिए अपील की गई। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कानून व्यवस्था के दृष्टिगत 21 अगस्त को दोपहर 12 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद करने पर सहमति जताई। वही बंद आयोजकों ने बैठक में शांति से रैली निकालने का प्रशासन व पुलिस को भरोसा दिलाया। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए आश्वस्त किया। बंद के दौरान आवश्यक सेवाएं बंद नहीं रहेगी।

बैठक में व्यापार मंडल के रामप्रकाश जिंदल, कुंजबिहारी भंडारी, बुद्धिप्रकाश, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक आनंदी लाल मीणा, मोडू लाल वर्मा, हरिप्रसाद आदि मौजूद रहे।

---

# कांग्रेसजनों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयन्ती

## नगर पालिका मांगरोल में नियम विरुद्ध मेलाध्यक्ष घोशित करने के विरोध में दिया जिला कलक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( नि.स. )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वी जयन्ती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा की अध्यक्षता में मनाई गई तथा इसके उपरान्त नगर पालिका मांगरोल में अधिशाषी अधिकारी द्वारा नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए कांग्रेस बोर्ड के पार्षदों के स्थान पर बिना प्रस्ताव लिए भाजपा के पार्षद को डोल मेला अध्यक्ष घोषित किए जाने के विरोध में जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त मनोनयन को खारिज करने की मांग की गई। कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने बताया कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री की 80वीं जयन्ती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बारां पर कांग्रेसजनों ने जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा की अध्यक्षता में जयन्ती मनाई। इस दौरान



राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनको याद किया गया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजन जिला कलेक्टर कार्यालय बारां पर पहुंचे जहां पर उनके द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मांगरोल द्वारा नियम विरुद्ध बिना प्रस्ताव लिए डोल मेला अध्यक्ष के पद पर भाजपा पार्षद भरत चोरसिया को असंवैधानिक तरीके से नियुक्त करने के विरोध में जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि यदि उक्त अवैध व गैर कानूनी निर्णय को वापस नही लिया जाता है तो हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ आंदोलन व कानूनी कार्यवाही करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान पीसीसी सचिव हंसराज मीणा उदपुरिया, सेवादल अध्यक्ष शिवशंकर यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अन्ता ओम सुमन मिर्जापुर, पालिकाध्यक्ष कौशल सुमन, नगर अध्यक्ष डॉ. इजहार खान सीमा, शहर मण्डल अध्यक्ष महावीर पांचाल, जिला पंचायत समिति गजेन्द्र सुमन, पार्षद-अख्तर हुसैन बख्तावर, धर्मेन्द्र सुमन, प्रमोद जैन टीटू, गजानन्द रेगर, प्रेमसिंह हाडा, कमलषंकर सुमन, रिजवान अंसारी, अषफाक अंसारी, असगर अली, जावेद, दिनेष सुमन, स्वतंत्र जैन, प्रवीण शर्मा, हिमांशु चोरसिया, चिंटू गालव आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

# दिल्ली के कलाकर बना रहे झांकियां मथुरा से बुलाए सजाने वाले

## गीता भवन में 12 फीट की पूतना चिल्लाते नजर आएगी, नौका विहार करते दिखेंगे श्रीकृष्ण



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शहर भर में शुरु हो चुकी हैं। गीता भवन कोटा पर भी कारीगरों के द्वारा झांकियां बनाने का काम प्रारम्भ हो गया है। अध्यक्ष राजेंद्र खंडेलवाल व सचिव रामेश्वर विजय ने बताया कि झांकियां सजाने के लिए दिल्ली से नेशनल म्यूजियम के सेवानिवृत्त डायरेक्टर सुधाकर शर्मा को बुलाया गया है। उनके निर्देशन में कलाकार आकर्षक झांकियों को आकार देने में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 12 फीट लंबी पूतना बनाई जाएगी। जो छटपटाएगी, चिल्लाएगी। भगवान सेल्फी लेते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही, गोवर्धन पूजा करते हुए श्री कृष्ण, झूले से पूतना ले जाते, राधा जी को मेहंदी लगाते, राधाजी को अंगूठी पहनते हुए, बंदरों को माखन लूटाते हुए, वासुदेव जी यमुना पार करते हुए, शंकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करते, जामवंत युद्ध, सूरदास जी को मार्ग दिखाते हुए, श्याम चूड़ी बेचने आया, भारत का प्रथम चलचित्र, भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दुग्ध दोहन, यशोदा मैया को ब्रह्मांड का दर्शन करते हुए भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीनाथजी के दर्शन और वत्सासुर, व्योमासुर वध एवं नौका विहार, अमरनाथ, अघोरी की झांकियां सजाई जा रही हैं।

---

# कोटा में ओम एनक्लेव निर्माण मामले में दोबारा जांच के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विशिष्ट न्यायाधीश रेखा चौधरी ने ओम एनक्लेव के निर्माण से संबंधित मामले में दोबारा जांच के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश ओम मेटल्स के प्रतिनिधि पदम कुमार जैन और अनंतपुरा थाना के तत्कालीन वृत निरीक्षक हरिचरण मीणा के खिलाफ जारी किया गया है। शिकायतकर्ता राजेश तिवारी के अनुसार, 2001 में ओम कोठारी फाउंडेशन के नाम पर गलत दस्तावेजों के आधार पर ओम मेटल्स को 42453 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की गई।

2007 में ओम मेटल्स ने इस भूमि पर बहुमंजिला इमारत ओम एनक्लेव का निर्माण शुरू किया। राजस्थान भवन विनियम 2000 के अनुसार, इस निर्माण के लिए 80 फीट चौड़ी सड़क होना अनिवार्य थी। लेकिन 2014 में वृत निरीक्षक हरिचरण मीणा ने पुलिस सहायता से इस सड़क को बंद कर दिया, जिससे विवाद खड़ा हो गया। इस मामले में शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी।

---

# स्थितियों पर रखें कड़ी निगरानी, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें

## सांकेतिक बंद के मध्यनजर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** उच्चतम न्यायालय द्वारा एससी एसटी वर्गों के आरक्षण संबंधी निर्णय को लेकर 21 अगस्त को सांकेतिक भारत बंद के आह्वान के मध्यनजर लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों, उपखंड अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मंगलवार को वीसी के जरिए निर्देश दिए कि सांकेतिक बंद से पूर्व संबंधित पक्षों से वार्ता कर बंद,रैली इत्यादि का एक निश्चित समय एवं रूट तय कर उसकी एकरूपता से पालना सुनिश्चित कराई जाए। इस दौरान पर्याप्त पुलिस व्यवस्था रहे और स्थितियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। संवेदनशील स्थानों पर जाब्ता तैनात किया जाए। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह ना फैले, इस पर निगरानी रखते हुए सही सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि सांकेतिक बंद के दौरान आवश्यक सेवाएं सुचारू रहें और आमजन को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़े,यह सुनिश्चित करें।


जिन क्षेत्रों में हाट -बाजार इत्यादि लगना प्रस्तावित हो तो उन्हें उक्त अवधि के लिए स्थगित रखा जाए। रैली जुलूस इत्यादि के दौरान उन मार्गो पर वाहनों की पार्किंग नहीं रहे, पुलिस यह सुनिश्चित करे। विद्यालयों, कोचिंग इत्यादि की छुट्टी के समय को भी ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध किए जाएं।

प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सभी स्थितियों पर बारीकी से नजर रखें और समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों तथा शरारती तत्वों को बख्शा नहीं जाए।

मादक पदार्थों की बिक्री पर भी निगरानी रखी जाए। जुलूस, रैली इत्यादि आयोजनों की ड्रोन वीडियोग्राफी कराई जाए। आयोजकों से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन की अपील करते हुए उनके साथ निरंतर समन्वय बनाकर रखा जाए।

---

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का इस्कॉन कोटा की ओर से किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** इस्कॉन कोटा की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का उनके कोटा स्थित कार्यालय में कीर्तन के साथ इस्कॉन कोटा चेयरमैन रमेश चंद गुप्ता के नेतृत्व में सम्मान किया गया। वर्तमान में इस्कॉन का कोई मंदिर कोटा में नहीं है लोक सभा अध्यक्ष बिरला की ओर से इस्कॉन के लिए कोटा में भूमि आवंटित करने का आश्वासन दिया गया। इस्कॉन कोटा केंद्र मैनेजर मायापुरवासी प्रभु ने इस्कॉन द्वारा कोटा में की जा रही गतिविधियो का विवरण दिया तथा जन्माष्टमी के लिए आमंत्रण दिया। इस्कॉन कोटा द्वारा जन्माष्टमी का तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम 25 से 27 अगस्त तक किशोरपुरा में गोविन्द धाम मंदिर में आयोजित किया जाएगा।सम्मान के दौरान इस्कॉन कार्यकारणी से गजेंद्र, शिव मित्तल, हरिनारायण, भगवान, सोहम माहेश्वरी, जीवनज्योति, नलिन , चंद्रशेखर , नवनीत माहेश्वरी, मानक सोनी, दिलीप, गिरधर, रवि, मुरली, राधेश्याम, ब्रजमोहन, अनिल, मनीष, संतोष शर्मा, पिंकी, आरती, नेहा, श्वेता, शीला आदि सदस्य उपस्थित रहे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# पुणे पोर्श केस- ब्लड सैंपल बदलने वाले 2 आरोपी अरेस्ट

## दोनों की कोर्ट में पेशी, पुलिस ने अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**पुणे।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में पुणे क्राइम ब्रांच ने सोमवार (19 अगस्त) की रात 2 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार के अनुसार, दोनों ने घटना के दिन कार में मौजूद नाबालिग आरोपी के दोस्तों का ब्लड सैंपल बदलवाया था। दोनों आरोपियों की आज मंगलवार को कोर्ट में पेशी होगी। पुणे के कल्याणी नगर इलाके में 18 मई की रात 17 साल 8 महीने के एक लड़के ने आईटी सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई थी। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से कार चला रहा था। पुणे पुलिस के अनुसार, अब तक मामले में 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुणे पुलिस ने 25 जुलाई में 7 लोगों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचने, सबूत मिटाने और ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में केस दर्ज किया था। इनमें नाबालिग के माता-पिता, ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टर, एक कर्मचारी और दो बिचौलिए शामिल हैं।

### 900 पेज की चार्जशीट, नाबालिग का नाम नहीं

पुणे पोर्श केस में 25 जुलाई को पुलिस ने 900 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। हालांकि, इसमें 17 साल के नाबालिग आरोपी का नाम शामिल नहीं किया गया। नाबालिग का मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में है। 7 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र रचने और साक्ष्य मिटाने से संबंधित धाराओं के तहत आरोपी बनाया गया है।

# सीरम इंस्टिट्यूट मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाएगा : सीईओ बोले- उम्मीद है एक साल में तैयार कर लेंगे, कोविशील्ड भी इसी कंपनी ने बनाई थी

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाने का ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया- मंकीपॉक्स के ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने के बाद लाखों लोगों की मदद करने के लिए हम एक वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर हम इसे बना लेंगे। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों के बीच देश के सभी पोर्ट और एयरपोर्ट के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अधिकारियों को बाहर से आने वाले यात्रियों में मंकीपॉक्स के लक्षणों को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। फिलहाल भारत में अभी मंकीपॉक्स से कोई संक्रमित नहीं है। आखिरी मामला मार्च 2024 में सामने आया था।

### केंद्र ने 3 अस्पतालों में बनाए नोडल सेंटर

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 19 अगस्त को दिल्ली में केंद्र के तीन बड़े अस्पतालों- राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग और लेडी हार्डिंग में नोडल सेंटर्स बनाए हैं। इन अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के इलाज और देखभाल के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाए गए हैं।

केंद्र ने सभी राज्य सरकारों को उनके राज्य के अस्पतालों में मंकीपॉक्स के मरीजों के लिए जरूरी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक के आकलन के मुताबिक, मंकीपॉक्स के बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा कम है। इसे शॉर्ट में मंकीपॉक्स कहते हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस- सीजेआई ने नेशनल टास्क फोर्स बनाई

### ये मेडिकल प्रोफेशनल की सुरक्षा के उपाय बताएगी; गांगुली पत्नी के साथ कल प्रदर्शन करेंगे

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता रेप-मर्डर मामले में सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की। सीजेआई ने कहा- डॉक्टर्स की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टास्क फोर्स बना रहे हैं, इसमें 9 डॉक्टर्स को शामिल किया गया है, जो मेडिकल प्रोफेशनल्स की सुरक्षा, वर्किंग कंडीशन और उनकी बेहतरी के उपायों की सिफारिश करेगी। टास्क फोर्स में केंद्र सरकार के पांच अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। कोर्ट ने सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट और राज्य सरकार से घटना की रिपोर्ट मांगी है। आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ को दिया गया। केस की अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी। उधर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली 21 अगस्त को पत्नी डोना के साथ प्रदर्शन करेंगे। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट के नेशनल टास्क फोर्स बनाने के फैसले का स्वागत किया है।

दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। उसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन किया। देशभर के डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। वहीं 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में भीड़ ने घुसकर तोड़फोड़ की थी।

# ठाणे के स्कूल में बच्चियों का यौन-शोषण, पुलिस पर पथराव

### भीड़ ने स्कूल में तोड़फोड़ की, ट्रेनें रोकीं; आरोपी गिरफ्तार, सरकार ने एसआईटी बनाई

**बढ़ता राजस्थान**

**मुंबई।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद गुस्साई भीड़ और पुलिस के बीच मंगलवार को झड़प हुई। भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की, उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, जिसके बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। 23 साल के आरोपी ने 16 अगस्त को स्कूल के बाथरूम में बच्चियों का यौन-शोषण किया था। बच्चियों के पेरेंट्स ने एक दिन बाद एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी अक्षय शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके की महिला इंस्पेक्टर शुभदा शितोले का ट्रांसफर कर दिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला कर्मचारी को निलंबित किया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने को कहा गया है।मंगलवार सुबह 8 बजे घटना से गुस्साए लोग बदलापुर रेलवे स्टेशन की पटरियों पर खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। कई ट्रेनों को रोका गया। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस पर भी पथराव हुआ है।

# डीप-फ्रिज में मृत हिरण रख रैली, 8 दौर की वार्ता विफल

## गुस्साए लोगों ने नेशनल हाईवे-62 किया जाम; डीएफओ-रेंजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान।

**सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर)।** हिरण के शिकार के खिलाफ श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ में रविवार को शुरू हुआ आंदोलन तीसरे दिन मंगलवार को भी जारी है। दोपहर 2.15 बजे लोगों ने पठानकोट (पंजाब) से कांडला पोर्ट (गुजरात) जाने वाले नेशनल हाईवे-62 को जाम दिया। शिकार हुए हिरण को डीप-फ्रिज में रख ट्रैक्टर से लोगों ने रैली निकाली। अखिल भारतीय विश्नोई युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित कड़वासरा ने बताया- रविवार को सुबह 6 बजे सूरतगढ़ कस्बे के गांव 64 एलएनपी निवासी किसान बजरंग पूनिया को झाड़ियों में घायल हिरण मिला था। उसकी गर्दन के पास गोली लगने का निशान था। बजरंग ने वन्य जीव प्रेमियों को सूचना दी। वे हिरण को इलाज के लिए रिड़मलसर वन्य जीव रक्षा चौकी (श्रीगंगानगर) लेकर पहुंचे। लेकिन हिरण ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। इसके बाद रायसिंहगर रेंजर जगदेव शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हिरण के पोस्टमॉर्टम के लिए हमने मना कर दिया। रविवार को हम रिड़मलसर-भगवानगढ़ रोड (सूरतगढ़) पर 9 डीबीएन के रोही क्षेत्र में हिरण के शव को डीप फ्रीज में रखकर धरने पर बैठ गए।

रविवार की इस घटना के बाद बिश्नोई समाज और इलाके के लोग आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने नेशनल हाईवे-62 जाम कर दिया। हमारी मांग है कि श्रीगंगानगर डीएफओ दिलीप सिंह राठौड़ और सूरतगढ़ रेंजर वेदप्रकाश को हटाया जाए।



### प्रशासन के साथ 8 बार हो चुकी वार्ता

मंगलवार को दोपहर 12 .30 बजे आंदोलन कर रहे लोगों से प्रशासन की 7वें दौर की वार्ता हुई। प्रशासन ने मांगें नहीं मानी तो लोग वार्ता छोड़ चल दिए और नेशनल हाईवे-62 की ओर कूच कर गए। लोगों ने हिरण की बॉडी को डीप फ्रिज में रखकर रैली निकाली। लोग भगवानगढ़ गांव (सूरतगढ़) से लेकर हाईवे स्थित बस स्टैंड तक ट्रैक्टरों, कारों, जीपों और हाईवे की तरफ बढ़ने लगे। यहां भी डीएसपी प्रतीक मील और सदर थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने रैली को रोकने की कोशिश की। लेकिन भीड़ नेशनल हाईवे- 62 पर पहुंच ही गई।

हाईवे जाम होते ही पुलिस प्रशासन ने कलेक्टर को मामले की जानकारी दी। इस पर कलेक्टर लोकबंधु एसपी गौरव यादव के साथ दोपहर 3 :10 बजे कैंचियां पुलिस चौकी (सूरतगढ़) पहुंचे। जहां आंदोलनकारी वन्य जीव प्रेमियों और ग्रामीणों को वार्ता के लिए बुलाया।

# उदयपुर में स्टूडेंट को पिता-भाई ने दी मुखाग्नि

## अंतिम संस्कार के दौरान भी नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान।

**उदयपुर।** उदयपुर में चाकूबाजी में घायल स्टूडेंट की सोमवार 19 अगस्त को मौत हो गई। मृतक का अंतिम संस्कार मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया। बच्चे को उसके पिता और चचेरे भाई ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान लोगों ने नारेबाजी भी की। इससे पहले तड़के 4.30 बजे बच्चे के शव को परिवार को सौंपा गया था। करीब सात बजे मृतक के घर से शवयात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। अंतिम यात्रा में उदयपुर रेंज द्धत्र अजयपाल लांबा समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। ड्रोन से अंतिम संस्कार की निगरानी की गई। अंतिम यात्रा के पूरे रास्ते पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। उदयपुर शहर में आज भी इंटरनेट बंद रहेगा। स्कूल-कॉलेजों में भी छुट्टी है। समाज के नेताओं ने सभी से शांति की अपील की है।



### 3 मांगों पर बनी सहमति

सोमवार रात तक स्टूडेंट के अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन और परिजन के बीच लंबी बातचीत हुई थी। तीन मांगों पर सहमति के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। इनमें 51 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, परिवार के 1 सदस्य को संविदा पर नौकरी और एसटी-एसटी एक्ट मामले में कार्रवाई की मांग शामिल है। दरअसल, चार दिन पहले (16 अगस्त) उदयपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में घायल स्टूडेंट की 19 अगस्त को मौत हो गई थी।

**मौत की खबर फैलते ही तेजी से बदला घटनाक्रम**-सोमवार (19 अगस्त) दोपहर 3 बजे उदयपुर शहर में रक्षाबंधन की रौनक दिख रही थी, टूरिस्टों की भी अच्छी खासी संख्या थी। शाम करीब 4.30 स्टूडेंट की मौत की खबर फैलते ही अचानक 6 से ज्यादा बाजार बंद हो गए, सड़कें कुछ मिनटों में सुनसान हो गईं।

कुछ लोगों ने शहर में कर्फ्यू की भी अफवाह फैला दी। फिर पुलिस ने मोर्चा संभाला और जगह-जगह इकठ्ठा हो रहे लोगों को खदेड़ा।

# रायबरेली में राहुल बोले- मास्टरमाइंड को एसपी बचा रहे

### जिस दलित की हत्या, उसके घर 10 मिनट रहे, मां से कहा- पीछे नहीं हटेंगे

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली में दलित युवक अर्जुन पासी के घर पहुंचे। करीब 10 मिनट तक रहे। मां और पिता से बातचीत की। कहा- जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक पीछे नहीं हटेंगे। राहुल ने कहा, एक दलित युवा को मारा गया। पूरे परिवार को धमकाया गया। लेकिन यहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एसपी मास्टरमाइंड पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। छोटे-छोटे लोगों को पकड़ रहे हैं। मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में हर वर्ग का आदर हो और न्याय सबको मिले। जब तक इस परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हम पीछे नहीं हटने वाले। अर्जुन पासी की 9 दिन पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सातवां आरोपी विशाल सिंह छतोओ ब्लाक प्रमुख संगीता कोरी पत्नी बबलू का प्रतिनिधि है। संगीता कोरी ने चुनाव जीतने के बाद भाजपा ज्वॉइन कर ली। विशाल सिंह अभी फरार है।



### राहुल बोले- ये समाज और परिवार के खिलाफ अन्याय

राहुल गांधी ने कहा- मैंने अर्जुन की माता जी से बात की। उन्होंने बताया, छोटा बेटा बाल काटता है। कुछ लड़के उसके पास आते, बाल कटवाते और बिना पैसे दिए चले जाते। आखिरी बार जब आए उसे उसने पैसे मांगे। कहा-आज मेरे पैसे दे दीजिए। इसके बाद उसके भाई की हत्या की गई है। ये अन्याय है समाज और परिवार के खिलाफ। इस परिवार को न्याय मिलेगा।

# खड़गे और राहुल आज जम्मू-कश्मीर जाएंगे

## फारूक और महबूबा से मिलेंगे, विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर चर्चा हो सकती है

बढ़ता राजस्थान। एजेंसी

**श्रीनगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता को देखते हुए राहुल विधानसभा चुनाव में भी सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट रखना चाहते हैं। वह विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की रणनीति पर बात करेंगे।

खड़गे और राहुल ने 19 अगस्त को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के महासचिवों, प्रभारियों और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की थी। वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अगले तीन-चार दिनों में होगी। पार्टी जम्मू-कश्मीर में गठबंधन के लिए तैयार है और इसका मुख्य उद्देश्य भाजपा को सरकार से बाहर रखना है।



### जम्मू-कश्मीर में एनसी-पीडीपी को साथ लाने की कोशिश में कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपी से गठबंधन बनाने की कोशिश में है। पार्टी ने कहा- गठबंधन बनाने का उद्देश्य भाजपा को हराना है। इसके लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों को साथ आना होगा। कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर ने कहा कि एनसी और पीडीपी के लिए राज्य का मुद्दा व्यक्तिगत मुद्दों से ऊपर होना चाहिए। इंडिया ब्लॉक नेशनल लेवल पर बना है। जम्मू-कश्मीर में भी तीनों पार्टियों को मिलकर चुनाव लड़ने की जरूरत है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गांधी परिवार चाहता है कि पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद की पार्टी में वापसी हो। इसके लिए सीनियर नेताओं को उनसे बात करने के लिए कहा गया है। हालांकि उनकी पार्टी इसे खारिज किया है।

### अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष मन्हास कांग्रेस में शामिल होंगे

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी पार्टी के उपाध्यक्ष जफर इकबाल मन्हास ने मंगलवार को अपने बेटे के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया। मन्हास कल कांग्रेस में शामिल होंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पीडीपी से अलग होने के बाद मन्हास अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में सोमवार (19 अगस्त) को कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की इलेक्शन स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य भी मौजूद थे।

# डोटासरा बोले- देश के हालात गृह युद्ध जैसे : कहा- घड़े में दो पर्ची डालकर लॉटरी से कर लें किरोड़ी के इस्तीफे पर फैसला

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र और राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि देश के हालात गृह युद्ध जैसे हैं। आरक्षण और संविधान खतरे में है। डोटासरा ने कहा- राजस्थान में आठ महीने में सरकार सही से काम नहीं कर पाई। किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे पर हां या न में जवाब नहीं दे पा रहे कि उसका क्या हुआ? पहले तो 15-20 दिन तक तो बताया नहीं कि इस्तीफे का क्या हुआ? डोटासरा ने कहा- मैंने मुख्यमंत्री को एक आइडिया बताया है। लॉटरी निकाल लेनी चाहिए। एक घड़े में दो पर्ची डालिए। एक किरोड़ी लाल के मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार करने की और दूसरी अस्वीकार करने की। पर्ची बना लेनी चाहिए, किसी से भी निकलवा लीजिए। इस्तीफा स्वीकार करने की पर्ची निकल जाए तो ठीक। अस्वीकार करने की निकल जाए तो मंत्री काम करें। प्रदेश के एक मंत्री के इस्तीफे के बारे में फैसला नहीं कर पा रहे तो फिर फैसला करेगा कौन? इसलिए हम कहते हैं यह पर्ची सरकार है। यहां पर्चियों से चलती है। अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

# बीजेपी ने 9 राज्यसभा उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

## राजस्थान से केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू, एमपी से जॉर्ज कुरियन और हरियाणा से किरण चौधरी कैंडिडेट

**नई दिल्ली.** भाजपा ने मंगलवार, 20 अगस्त को राज्यसभा उपचुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी हरियाणा से पार्टी की कैंडिडेट होंगी। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से और जॉर्ज कुरियन को मध्य प्रदेश से उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है।

**राजस्थान : केंद्रीय मंत्री रवनीत पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते, पंजाब में लोकसभा चुनाव हार गए थे**

लुधियाना से 2 बार सांसद रह चुके रवनीत बिट्टू लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें लुधियाना से टिकट दिया, लेकिन उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से 20 हजार 942 वोटों से हार का सामना करना पड़ा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.)
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)